संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

# दैनिक घटती घटना

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 19,अंक-332 गुरूवार,05 अक्टूबर 2023, पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# शराब घोटाले को लेकर ईडी की बड़ी कार्यवाही

## शराब घोटाला मामले में आप सांसद संजय सिंह गिरफ्तार

**नई दिल्ली,04 अक्टूबर 2023(ए)।** आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। आबकारी नीति मामले में संजय सिंह के दिल्ली स्थित आवास पर आज (04 अक्टूबर) प्रवर्तन निदेशालय की छापेमारी चल रही थी।
ईडी ने छापे के 10 घंटे के बाद संजय सिंह को अरेस्ट कर लिया है। ईडी ने लंबी पूछताछ के बाद संजय सिंह को अरेस्ट कर लिया है। दिल्ली की शराब पॉलिसी मामले में उनकी गिरफ्तारी की गई है। दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसौदिया के बाद इस मामले में यह दूसरी हाई-प्रोफाइल गिरफ्तारी है। आम आदमी पार्टी को संजय सिंह के रूप में दूसरा बड़ा झटका लगा है। इससे पहले दिल्ली सरकार के कथित शराब घोटाले मामले में पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार किया गया था। वहीं अब पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह के खिलाफ ईडी की बड़ी कार्रवाई हुई है।
बुधवार को संजय सिंह के आवास पर प्रवर्तन निदेशालय ने छापेमारी की। पहले संजय सिंह के करीबियों के यहां भी छापे पड़े थे। बता दें कि शराब घोटाले की चार्जशीट में भी आप सांसद संजय सिंह का नाम था।



**संजय सिंह ने लिखा था पत्र**

इससे पहले मई में संजय सिंह ने वित्त सचिव टीवी सोमनाथन को लिखे पत्र में कहा था कि ईडी निदेशक और सहायक निदेशक ने जानबूझकर बिना किसी आधार के कथित शराब घोटाले से उनका नाम जोड़ा, उनकी सार्वजनिक छवि खराब की और उन्हें बदनाम किया।

### भाजपा डर के मारे ऐसा कर रही है:राघव चड्डा

आप नेता राघव चड्ढा ने संजय सिंह के खिलाफ हुई कार्रवाई पर कहा कि लगभग पिछले पंद्रह महीनों से भाजपा हम (आप कार्यकर्ताओं) पर शराब घोटाले का आरोप लगा रही है। पिछले 15 महीनों में, उसने ईडी और सीबीआई से 1,000 स्थानों पर छापे मारे हैं। कुछ लोगों को गिरफ्तार करने के बाद जांच के बहाने और 1000 जगहों पर छापेमारी, किसी भी एजेंसी को एक भी पैसा नहीं मिला। यह हताश भाजपा है, जो आगामी चुनाव हारने वाली है। इसलिए डर के मारे ऐसा कर रही है।

### संजय सिंह की गिरफ्तारी पर कांग्रेस नेता का बयान

आप सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी पर कांग्रेस नेता मीम अफजल ने कहा कि इस सरकार की प्रवृत्ति के अनुरूप है। जो लोग बोलेंगे और सवाल उठाएंगे वे सलाखों के पीछे जाएंगे। गिरफ्तारी आश्चर्यजनक है। जिस तरह से वह संसद के अंदर और बाहर बोलते हैं, इंटरव्यू देते हैं और पीएम और अन्य नेताओं को खुली चुनौती देते हैं - यह तय था कि उन्हें जेल जाना होगा।

## मरना मंजूर है,डरना नहीं...

**गिरफ्तारी के बाद संजय सिंह का पहला बयान;**
**पुलिस से उलझे आप कार्यकर्ता**
**लंबी पूछताछ के बाद आप सांसद पर ईडी का शिकंजा**
**संजय सिंह को मिलाकर 14 लोगों की हुई गिरफ्तारी**

दिल्ली शराब घोटाले के मामले में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह को बुधवार ईडी ने गिरफ्तार कर लिया है। इससे पहले सुबह साढ़े 6 बजे प्रवर्तन निदेशालय ने संजय सिंह के घर पर छापेमारी की थी। आप सांसद के घर पर करीब 11 घंटे तक ईडी की छापेमारी चली।
दिल्ली के आबकारी नीति से जुड़े घोटाले में बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय ने आप सांसद संजय सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में इससे पहले कुल 13 लोगों की गिरफ्तारी की जा चुकी है।

## मोदी सरकार का बड़ा तोहफा,अब सिर्फ 603 रुपए में मिलेगा LPG सिलेंडर

**नई दिल्ली ,04 अक्टूबर2023 (ए)।** पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव और छह महीने दूर लोकसभा चुनाव को देखते हुए सरकार ने बुधवार को उज्ज्वला योजना के तहत दिए जाने वाले रसोई गैस सिलेंडर पर सब्सिडी मौजूदा 200 रुपये से बढ़ाकर 300 रुपये प्रति सिलेंडर कर दी। यह निर्णय केंद्रीय मंत्रि मंडल द्वारा लिया गया, जिसकी बुधवार को बैठक हुई थी। सूचना और प्रसारण मंत्री




अनुराग ठाकुर ने कैबिनेट बैठक के बाद मीडियाकर्मियों को बताया कि उज्ज्वला लाभार्थियों के लिए सब्सिडी मौजूदा 200 रुपये प्रति सिलेंडर से बढ़ाकर 300 रुपये प्रति सिलेंडर कर दी गई है। 29 अगस्त को सरकार ने उज्ज्वला लाभार्थियों सहित सभी उपभोक्ताओं के लिए घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 200 रुपये की कटौती की थी।
उज्ज्वला लाभार्थियों को वर्तमान में प्रति 14.2 किलोग्राम सिलेंडर के लिए 703 रुपये का भुगतान करना पड़ता है, जबकि बाजार मूल्य 903 रुपये है। बुधवार के फैसले के बाद अब एक लाभार्थी को 603 रुपये का भुगतान करना होगा। 300 रुपये की बढ़ी हुई सब्सिडी सीधे उज्ज्वला लाभार्थियों के बैंक खातों में जमा की जाएगी।

# लालू,राबड़ी,तेजस्वी यादव और मीसा को मिली जमानत

**पटना,04 अक्टूबर 2023(ए)।** दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट से बुधवार को बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राजद प्रमुख लालू यादव, पूर्व सीएम राबड़ी देवी, डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव और राजद सांसद मीसा भारती को बड़ी राहत मिली। कोर्ट ने कथित जमीन के बदले नौकरी घोटाला मामले में चारों को जमानत दे दी है।
कोर्ट ने सभी को 50,000 रुपए के निजी मुचलके पर राहत देते हुए मामले की अगली सुनवाई 16 अक्टूबर तय की। इस बीच कोर्ट ने सीबीआई को मामले के सभी आरोपियों को आरोपपत्र की प्रति देने का निर्देश दिया। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने राजद सुप्रीमो, उनकी पत्नी और बेटे तेजस्वी समेत अन्य सभी 17 आरोपियों को समन जारी किया था। अदालत ने सभी आरोपियों को 4 अक्टूबर को हाजिर होने का निर्देश दिया था। इस मामले में लालू, राबड़ी और उनकी बेटी मीसा भारती जमानत पर हैं। मामले में पहले चार्जशीट में इन्हीं तीनों को आरोपी बनाया गया था।



फिर सीबीआई ने एक नई चार्जशीट दाखिल कर डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव को भी आरोपी बना दिया। डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव पर आरोप है कि उनके नाम पर उन संपत्तियों की रजिस्ट्री है, जिसे लालू यादव ने रेल मंत्री रहते नौकरी देने के बदले में लोगों से लिखवाई थी।

### क्या है मामला

रेल भर्ती से जुड़े एक और घोटाले का आरोप यूपीए सरकार में रेल मंत्री रहे पवन बंसल के भांजे विजय सिंगला पर भी लगा है। मामले में भी सीबीआई ने विजय सिंगला समेत 10 के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। इस मामले में विजय सिंगला पर मनी लॉन्ड्रिंग का भी आरोप है। 2004 से 2009 के बीच लालू प्रसाद यादव यूपीए सरकार में रेल मंत्री थे। आरोप है कि लालू के रेल मंत्री रहते हुए रेलवे भर्ती में घोटाला हुआ। कहा जा रहा है कि नौकरी लगवाने के बदले आवेदकों से जमीन और प्लॉट लिए गए। सीबीआई ने इस मामले में जांच के बाद लालू प्रसाद यादव और उनकी बेटी मीसा भारती के खिलाफ मामला दर्ज किया। आरोप है कि जो जमीनें ली गई वो राबड़ी देवी और मीसा भारती के नाम पर भी ली गई।




## बेंगलुरु में 15 स्थानों पर आयकर विभाग की छापेमारी

**बेंगलुरु ,04 अक्टूबर 2023(ए)।** आयकर विभाग (आईटी) ने बुधवार सुबह बेंगलुरु में 15 से अधिक स्थानों पर एक साथ छापेमारी शुरू की। अधिकारी कुछ उद्योगपतियों के आवासों और कॉर्पोरेट कार्यालयों में दस्तावेजों की जांच कर रहे हैं।
सूत्रों ने बताया कि छापेमारी कुछ उद्योगपतियों और सोने के व्यापारियों द्वारा कर चोरी की पृष्ठभूमि में की गई है। मंगलवार रात चेन्नई और मुंबई कार्यालय से अधिकारी यहां पहुंचे। छापेमारी विजयनगर, हुलीमावु, सदाशिवनगर और सांकी टैंक इलाकों में की गई। सूत्रों ने यह भी बताया कि छापेमारी एक महिला दंत चिकित्सक के आवास पर भी की जा रही है। अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है।

# पत्रकारिता का चोला ओढ़कर देश विरोधी षड्यंत्र बर्दाश्त नहीं : गौरव भाटिया

**नई दिल्ली,04 अक्टूबर2023 (ए)।** भारतीय जनता पार्टी के गौरव भाटिया ने न्यूज़क्लिक और इससे जुड़े पत्रकारों के खिलाफ की गई कानूनी कार्यवाही और गिरफ्तारी को उचित ठहराते हुए कहा कि पत्रकारिता का चोला ओढ़कर देश विरोधी काम नहीं किया जा सकता और देश की जनता इसे कभी भी बर्दाश्त नहीं करेगी। यह देश के विरोधी देश से पैसा ले रहे थे। गौरव भाटिया ने विरोधी दलों पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि आखिर किस मजबूरी में राहुल गांधी, ममता बनर्जी और 'घमंडिया' गठबंधन के अन्य नेता इनका साथ दे रहे हैं। गौरव भाटिया ने न्यूज़क्लिक पर लगे आरोपों को राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा हुआ गंभीर आरोप बताते हुए कहा कि यह पूछा जाना चाहिए कि क्या पत्रकारिता का मुखौटा पहनकर आप देश के खिलाफ काम करेंगे। गौरव भाटिया ने कहा कि इस मामले में पुख्ता सबूत है, इसलिए मनी लॉन्ड्रिंग और यूएपीए के तहत मामला दर्ज हुआ है और कोर्ट ने न्यूज़क्लिक के फाउंडिंग मेंबर को पुलिस कस्टडी में भेज दिया है। गौरव भाटिया ने कहा कि राहुल गांधी पर भी निशाना साधते हुए कहा कि दुख की बात यह है कि जब न्यूज़क्लिक पर कार्रवाई होती है तो चीन से वित्त पोषित कुछ पत्रकार और नेता को बड़ा दर्द होने लगता है। विदेशी



शक्ति भारत को कमजोर करने के लिए फंडिंग करती हैं और इस पर जब कार्रवाई की जाती है तो घमंडिया गठबंधन के कुछ नेता और पत्रकार हो-हल्ला मचाने लगते हैं। राहुल गांधी इनके बचाव में उतर जाते हैं। आखिर राहुल गांधी, ममता बनर्जी और घमंडिया गठबंधन के अन्य नेताओं की ऐसी क्या मजबूरी है जो ये इनके साथ खड़े हैं। गौरव भाटिया ने याद दिलाया कि कांग्रेस पार्टी ने चीन से एमओयू किया था और दो करोड़ से ज्यादा रुपए लिए, जिसके बारे में भी अब तक कुछ नहीं बताया गया है।गौरव भाटिया कहा कि भारत विरोधी किसी भी पत्रकार और नेता को बख्शा नहीं जाएगा। देश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जांच एजेंसियों के साथ है। कोई भी चीनी दलाल कानून से ऊपर नहीं है और कानून अपना काम कर रहा है। तेजस्वी यादव के आरोप पर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए भाटिया ने कहा कि जिसकी जैसी सोच है, वह वैसी ही बात करेंगे। मोदी सरकार में जांच एजेंसियां चुनाव को दिमाग में रखकर कार्रवाई नहीं करती है बल्कि वह कानून को ध्यान में रखकर कार्रवाई कर रही है। गौरव भाटिया ने कहा कि देश की जनता ने भारतीय जनता पार्टी को 303 सीट इसीलिए दी है की जो देश विरोधी गतिविधियों में शामिल है उन्हें बक्सा नहीं जाए और उन पर सही कार्रवाई की जाए। लेकिन घमंडिया गठबंधन ने न्यूज क्लिक के पत्रकारों का समर्थन करके दोहरी नीति दिखाते हुए पिछले दिनों 14 पत्रकारों को विरोध करना कांग्रेस का दोहरी नीति पता चलती है ।

# पीएमएलए में राजनीतिक दल का नाम क्यों नहीं ?

### मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर एससी का सवाल

**नई दिल्ली ,04 अक्टूबर2023 (ए)।** दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एस.वी. राजू से पूछा कि इसमें राजनीतिक दल को आरोपी क्यों नहीं बनाया गया है। राजू पीएमएलए मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का प्रतिनिधित्व कर रहे थे।अदालत ने ईडी से गुरुवार को जवाब देने को कहा। यहां जिस राजनीतिक दल की बात हो रही है वह आम आदमी पार्टी (आप) है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और एस.एन.वी. भट्टी की अध्यक्षता वाली पीठ ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और ईडी से संबंधित दो याचिकाओं में सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुनवाई की। शीर्ष अदालत में सिसोदिया की जमानत याचिकाओं का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने बुधवार को उनके पक्ष में काफी दलीलें दीं।सिसोदिया की ओर से पेश होते हुए सिंघवी ने पीठ से कहा कि उत्पाद शुल्क नीति कई स्तरों पर लिया गया एक संस्थागत और सामूहिक निर्णय था। उन्होंने नीतिगत निर्णय से पहले मंत्रियों के समूह की सात बैठकों का हवाला दिया। सिंघवी ने अदालत को बताया कि पुरानी नीति के चलते प्राइवेट मैनुफैक्चरर्स के गुटबंदी के कारण प्रॉफिट मार्जिन 70 प्रतिशत तक बढ़ गया था। नई नीति रवि धवन समिति के सुझाए गए सुधारों पर आधारित थी।



# अवैध नियुक्तियों की जांच रिपोर्ट पेश करें

**» अन्यथा अवमानना का केस चलेगा : हाईकोर्ट**

**रांची ,04 अक्टूबर 2023(ए)।** झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य विधानसभा में अवैध नियुक्तियों की जांच के लिए गठित जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद कमीशन की रिपोर्ट अदालत में पेश न किए जाने पर सख्त नाराजगी जताई है। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा और जस्टिस आनंद सेन की खंडपीठ ने कहा कि कोर्ट के तीन बार के आदेश के बाद भी रिपोर्ट पेश नहीं किया जाना कानूनी प्रक्रिया में व्यवधान का मामला बनता है। अदालत ने सात दिनों के अंदर रिपोर्ट पेश करने का निर्देश देते हुए कहा कि ऐसा न होने पर विधानसभा के सचिव पर आपराधिक अवमानना की कार्यवाही शुरू की जाएगी। मामले की अगली सुनवाई के लिए कोर्ट ने 12 अक्टूबर की तारीख मुकर्रर की है।




बता दें कि झारखंड विधानसभा में 150 से भी अधिक अवैध नियुक्तियों की जांच होने के बाद भी कार्रवाई न होने पर शिव शंकर शर्मा ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की थी। याचिका में कहा गया है कि वर्ष 2005 से 2007 के बीच विधानसभा में हुई नियुक्तियों में भारी गड़बड़ी हुई है। इस मामले की जांच के लिए जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद कमीशन (वन मेंबर कमीशन) बना था। कमीशन ने जांच कर वर्ष 2018 में राज्यपाल को रिपोर्ट भी सौंपी थी, जिसके बाद राज्यपाल ने विधानसभा अध्यक्ष को कार्रवाई करने का निर्देश दिया था, लेकिन अभी तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इस कमीशन की रिपोर्ट को जांचने के लिए एक दूसरा कमीशन बना दिया गया है।
बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान प्रार्थी के अधिवक्ता राजीव कुमार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि राज्यपाल के निर्देश के बावजूद विधानसभा अध्यक्ष द्वारा इस मामले में कार्रवाई लगातार लटकायी जा रही है। लगातार विलंब होता रहा तो अवैध तरीके से नियुक्त हुए अफसर और कर्मी रिटायर हो जाएंगे। इस मामले में विगत सुनवाई के दौरान विधानसभा सचिव की ओर से स्टेटस रिपोर्ट दाखिल की गई थी। इसमें बताया गया था कि जस्टिस एसजे मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाला वन मेंबर कमीशन अभी जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद कमीशन की रिपोर्ट की स्टडी कर रहा है।

# सट्टा किंग सौरभ चंद्राकर से रणबीर कपूर की लिंक! ईडी ने बुलाया

**मुंबई/रायपुर,04 अक्टूबर 2023(ए)।** सट्टा किंग सौरभ चंद्राकर से रणबीर कपूर की लिंक होने की चर्चा है. प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पूछताछ के लिए बुलाया है। 6 अक्टूबर को उन्हें पेश होने के कहा है। छत्तीसगढ़ में सट्टेबाजी से लाखों लोगों को चूना लगाने वाले महादेव ऐप से कनेक्शन के मामले में उन्हें यह समन भेजा गया है। इस केस में सिर्फ रणबीर कपूर का ही नाम सामने नहीं आ रहा, बल्कि लिस्ट में 15-20 सेलेब्स और हैं जो ईडी के रडार पर हैं. इस लिस्ट में आतिफ असलम, राहत फतेह अली खान, अली असगर, विशाल ददलानी, टाइगर श्रॉफ, नेगा कक्कड़, भारती सिंह, एली अवराम, सनी लियोनी, भाग्यश्री, पल्कित सम्राट, कीर्ति खरबंदा, नुसरत भरूचा और कृष्णा अभिषेक का नाम शामिल है. बता दें कि महादेव गेमिंग-बेटिंग एक ऑनलाइन सट्टेबाजी का प्लेटफॉर्म है. इस ऐप के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर की शादी फरवरी में संयुक्त अरब अमीरात में हुई थी. शादी में 200 करोड़ से ज्यादा का खर्च किया गया था. इस आलीशान शादी का वीडियो भारतीय एजेंसियों के हाथ लगा है. शादी में परफॉर्म करने के लिए जितने भी सेलेब्स बुलाए गए थे, वो भी रडार पर आ गए हैं.



# एसवाईएल विवाद पर सुप्रीम कोर्ट की पंजाब सरकार को फटकार

**नई दिल्ली,04 अक्टूबर2023 (ए)।** सतलुज यमुना लिंक नहर विवाद पर सुप्रीम कोर्ट ने आज पंजाब सरकार को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि इस मुद्दे पर राजनीति न करे। कोर्ट ने कहा कि पंजाब सरकार कानून से ऊपर नहीं है। सुप्रीम कोर्ट को सख्त आदेश देने के लिए मजबूर न करें। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया कि पंजाब सरकार इस मामले में आगे बढ़े। अगर सुप्रीम कोर्ट हल की तरफ बढ़ रहा है तो पंजाब सरकार भी पॉजिटिव रुख दिखाए। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को यह भी कहा कि केंद्र सरकार दोनों राज्यों के बीच चल रहे इस विवाद का हल निकालने के लिए पहल करे। कोर्ट ने कहा कि हरियाणा में एसवाईएल नहर बनाने की प्रक्रिया लगभग पूरी हो गई है, लिहाजा पंजाब भी इस समस्या का हल निकालने की दिशा में काम करे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम लंबे समय से चल रहे इस विवाद का हल निकालने की दिशा में काम कर रहे हैं, हमें उम्मीद है कि पंजाब सरकार भी इस दिशा में काम करेगी। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से रिपोर्ट मांगी है कि पंजाब में एसवाईएल नहर के निर्माण को लेकर मौजूदा हालात कैसे हैं।



# चर्चित आईएएस अभिषेक सिंह ने दिया इस्तीफा


**नई दिल्ली ,04 अक्टूबर2023 (ए)।** अलग-अलग वजह से चर्चा में आये युवा आईएएस अभिषेक सिंह ने इस्तीफा दे दिया है। अभिषेक सिंह ने गुजरात विधानसभा में ऑब्जर्वर की ड्यूटी के दौरान कार के आगे फोटो खिंचवाकर इंटरनेट मीडिया पर डाल दिया था, जिससे वे काफी चर्चा में आए थे।



अभिषेक सिंह की पत्नी दुर्गा शक्ति नागपाल भी आईएएस अधिकारी हैं और उत्तर प्रदेश के बांदा जिले की डीएम हैं। अभिषेक सिंह फरवरी 2023 से निलंबित चल रहे थे।

# सिक्किम में बादल फटने से तीस्ता नदी में बाढ़,सेना के 23 जवान लापता

**गंगटोक ,04 अक्टूबर2023 (ए)।** सिक्किम में लोनाक झील के ऊपर बुधवार को अचानक बादल फटने से कम से कम 23 सैनिक लापता हो गए हैं। एक रक्षा प्रवक्ता ने कहा कि बादल फटने से लाचेन घाटी में तीस्ता नदी में अचानक बाढ़ आ गई। घाटी में कुछ सैन्य प्रतिष्ठान प्रभावित हुए हैं और विवरण की पुष्टि करने के प्रयास जारी हैं।सेना के प्रवक्ता ने बताया कि चुंगथांग बांध से पानी छोड़े जाने के कारण नदी का स्तर अचानक 15-20 फीट बढ़ गया।उन्होंने कहा, जल स्तर में अचानक वृद्धि के कारण सिंगताम के पास बारदांग में खड़े सेना के वाहन प्रभावित हो गए हैं। फिलहाल 23 सैन्य कर्मियों के लापता होने और कुछ वाहनों के कीचड़ में डूबे होने की सूचना है। तलाशी अभियान जारी है। आपदा के बारे में अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है।



## संपादकीय

### संगठित आवाज का जोर

क्या एनपीएस वापस लाने के वादे का गणित ठोस है? योजना इसलिए हटाई गई थी, क्योंकि तब समझा गया था कि नव-उदारवादी अर्थव्यवस्था के साथ वह मेल नहीं खाती। आखिर इस अर्थव्यवस्था के कारण समाज के विभिन्न तबकों को सब्सिडी से वंचित किया गया है।

सरकारी कर्मचारी एक संगठित श्रमिक वर्ग का हिस्सा है। भारतीय समाज के आम जीवन स्तर की तुलना में देखें, तो यह तबका काफी बेहतर स्थिति में नजर आएगा। फिर उनके बारे में यह धारणा बनी हुई है कि चुनाव प्रशासन में उनकी खास भूमिका होती है, जो कई बार नतीजों को भी प्रभावित कर देती है। इसलिए उनसे जुड़ी मांग सभी या कुछ राजनीतिक दलों को अपनी चुनावी गणना के लिहाज से महत्त्वपूर्ण मालूम पड़े, तो उसमें कोई हैरत की बात नहीं है। इसलिए इन कर्मचारियों की पुरानी पेंशन योजना को वापस लाने की मांग के पक्ष में विपक्षी दलों का समर्थन बढ़ता चला गया है। कांग्रेस शासित पांच राज्यों सहित कुछ राज्यों में इससे लागू भी कर दिया गया है। रविवार को नई दिल्ली में विभिन्न राज्यो से आए सरकारी कर्मचारियों ने एक बड़ी जन सभा की। तो इस मौके पर कांग्रेस ने वादा दोहरा दिया कि केंद्र में उसकी सरकार बनी, तो वह इस योजना को राष्ट्रीय स्तर पर वापस लाएगी। लेकिन यह प्रश्न है कि क्या वादे का गणित ठोस है? पुरानी पेंशन योजना इसलिए हटाई गई थी, क्योंकि तब समझा गया था कि नव-उदारवादी अर्थव्यवस्था के साथ वह मेल नहीं खाती। इस अर्थव्यवस्था के कारण समाज के विभिन्न तबकों को सब्सिडी के जरिए मिली हुई अनेक सुविधाएं खत्म की गई हैं। चूंकि उनमें से ज्यादातर तबके संगठित नहीं हैं, इसलिए उनकी मांग में सरकारी कर्मचारियों जितना जोर नहीं है। जबकि यह बड़ा मुद्दा है कि आखिर सिर्फ सरकारी कर्मचारियों का भविष्य ही राज कोष से क्यों सुरक्षित होना चाहिए? वैसे यह प्रश्न भी प्रासंगिक है कि कुल मतदाताओं में सरकारी कर्मचारियों का प्रतिशत कितना है? सवाल इसलिए प्रासंगिक है क्योंकि अगर उन्हें दी गई किसी सुविधा की वजह से दूसरे तबकों का संभावित कल्याण प्रभावित होता है, तो उसकी प्रतिक्रिया उन तबकों में हो सकती है। इसलिए इस योजना को वापस लाने के वादे के साथ अपनी गणना बैठा रहे दलों को इस मुद्दे पर पुनर्विचार करना चाहिए। या फिर उन्हें यह एलान करना चाहिए कि वे सत्ता में आने पर वे 1991 से पहले वाली अर्थव्यवस्था को ही वापस ले आएंगे!

# एक साथ चुनाव का बनता फॉर्मूला ?

एक देश, एक चुनाव की चर्चा धीरे धीरे जोर पकड़ रही है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली कमेटी की पहली बैठक में तय किया गया कि एक देश, एक चुनाव के सवाल पर राजनीतिक दलों की राय ली जाएगी और विधि आयोग को भी बुला कर इस बारे में बातचीत होगी। इसके बाद 22वें विधि आयोग की ओर से सूत्रों के हवाले खबर आई कि आयोग देश के सारे चुनाव एक साथ कराने के फॉर्मूले पर काम कर रहा है। यह भी बताया गया कि आयोग की रिपोर्ट जल्दी ही सरकार को सौंपी जाएगी, जिसमें एक साथ चुनाव कराने का फॉर्मूला होगा। बताया जा रहा है कि कुछ राज्यों की विधानसभाओं का कार्यकाल घटा कर और कुछ का कार्यकाल बढ़ा कर एक साथ चुनाव कराने का फॉर्मूला तय होगा। यह भी बताया गया कि 2024 से 2029 के चुनावी चक्र के बीच इस फॉर्मूले को लागू किया जाएगा और 2029 के लोकसभा चुनाव के साथ सारे चुनाव कराए जा सकते हैं।

सवाल है कि क्या कोई ऐसा फॉर्मूला हो सकता है, जिससे 2029 में सारे चुनाव एक साथ कराए जाने के लिए सभी पार्टियां राजी हो जाएं? यह मुश्किल लगता है। अगर कुछ विधानसभाओं का कार्यकाल घटा कर और कुछ का बढ़ा कर 2029 में सारे चुनाव एक साथ कराने का फॉर्मूला बनता है तो उसमें कई बाधाएं आएंगी। जैसे पहली बाधा तो यह होगी कि 2025 से 2028 के बीच जिन राज्यों के चुनाव होने वाले हैं उनकी विधानसभाओं का क्या किया जाएगा? 2025 में फरवरी में दिल्ली और नवंबर में बिहार का चुनाव होना है। क्या इन दोनों राज्यों का चुनाव कराते समय यह कहा जाएगा कि दिल्ली में चुनाव चार साल के लिए और बिहार में सवा तीन साल के लिए हो रहा है? इसी तरह क्या 2026 के मई में तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल, पश्चिम बंगाल, असम आदि राज्यों में यह कहते हुए चुनाव कराए जाएंगे कि चुनाव तीन साल के लिए हो रहे हैं और फिर 2029 में लोकसभा के साथ इन राज्यों के चुनाव होंगे? ध्यान रहे इन राज्यों को बिना चुनाव कराए 2029 तक नहीं रखा जा सकता है। 2027 में भी उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, मणिपुर, गोवा, हिमाचल प्रदेश, गुजरात आदि कई बड़े राज्यों में चुनाव होने हैं तो उनका क्या किया जाएगा? क्या बिना चुनाव कराए इन राज्यों को रखा जाएगा या इन राज्यों में डेढ़-दो साल के लिए चुनाव कराया जाएगा?

उससे पहले 2024 के लोकसभा चुनाव के साथ ओडिशा, आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम के चुनाव होते हैं और उसके बाद साल के अंत में बारी बारी से तीन राज्यों के चुनाव होते हैं। मजेदार बात यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अनेक बरसों से एक साथ चुनाव की बात करते रहे हैं लेकिन 2014 और फिर 2019 में भी महाराष्ट्र, हरियाणा और झारखंड के चुनाव न लोकसभा के साथ हुए और न बाद में भी एक साथ हुए। तीनों चुनाव अलग अलग हुए। सो, क्या विधि आयोग ऐसा फॉर्मूला सुझाने जा रहा है कि अगले साल इन तीनों राज्यों की विधानसभाओं का चुनाव लोकसभा के साथ कराया जाए? अगर ऐसा होता है तो लोकसभा के साथ सात राज्यों के चुनाव हो जाएंगे।




पहले कहा जा रहा था कि इस साल नवंबर में जिन पांच राज्यों- राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम के चुनाव हैं उनको आगे बढ़ा दिया जाएगा और महाराष्ट्र, हरियाणा व झारखंड के चुनाव थोड़ा पहले करा लिए जाएंगे तो लोकसभा के साथ 12 राज्यों का चुनाव हो जाएगा। यानी लगभग आधे राज्यों का चुनाव एक साथ हो जाएगा और दूसरे चरण में बाकी आधे राज्यों का चुनाव कराया जा सकेगा। लेकिन अब इसकी संभावना बहुत कम हो गई है। एक देश, एक चुनाव पर विचार के लिए बनी रामनाथ कोविंद कमेटी की एक ही बैठक हुई है और अगली बैठक नौ अक्टूबर के बाद ही होगी क्योंकि रामनाथ कोविंद निजी यात्रा पर अमेरिका गए हैं। दूसरी ओर विधि आयोग की रिपोर्ट भी फाइनल नहीं है। इस बीच खुद भाजपा भी चुनावी राज्यों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा कर रही है और चुनावी तैयारियां तेज हो गई हैं। सो, इतनी जल्दी कोई फॉर्मूला बनता नहीं दिख रहा है, जिससे इन राज्यों के चुनाव रोक दिए जाएं और अगले साल लोकसभा के साथ चुनाव कराया जाएं।


विधि आयोग का कहना है कि 2024 से 2029 के चुनावी चक्र के बीच ही विधानसभाओं का कार्यकाल घटाने और बढ़ाने का फॉर्मूला बनेगा और 2029 में एक साथ चुनाव करा लिया जाएगा। लेकिन यह बात व्यावहारिक नहीं लग रही है। क्योंकि अगर 2029 में एक साथ सारे चुनाव कराने का फैसला होता है तो चाहे जो भी फॉर्मूला बने वह चुनावी चक्र को बहुत बुरी तरह से प्रभावित करेगा। उसके लिए सभी पार्टियों को तैयार कराना मुश्किल होगा। दूसरे, एक बार सारे चुनाव एक साथ कराने के बाद यह सुनिश्चित करना होगा कि हर बार पांच साल पर ही चुनाव हो यानी लोकसभा या किसी भी विधानसभा के मध्यावधि चुनाव की नौबत न आए। इसके लिए लोकसभा और विधानसभाओं का पांच साल का कार्यकाल फिक्स करना होगा, जो बेहद अलोकतांत्रिक हो जाएगा और भारत जैसे बहुदलीय प्रणाली वाले देश में हॉर्स ट्रेडिंग, भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाला होगा। ब्रिटेन ने यह कानून बनाया था लेकिन 2017 में उसे यह कानून वापस लेना पड़ा था।

हां, अगर कोविंद कमेटी और विधि आयोग दोनों एक देश, दो चुनाव पर राजी होते हैं तो बड़ी आसानी से फॉर्मूला बन जाएगा। हालांकि इसके लिए भी कुछ विपक्षी पार्टियों को मनाना होगा और शुरुआत 2024 के लोकसभा चुनाव से ही करनी होगी। जैसे 2025 में दिल्ली और बिहार के चुनाव हैं। दोनों जगह गैर भाजपा दलों की सरकार है। इनको इस बात के लिए तैयार करना होगा कि इन राज्यों में 2024 के लोकसभा के साथ चुनाव हो जाए। यह काम सिर्फ कानून के जरिए नहीं होगा, बल्कि राजनीतिक बातचीत के जरिए होगा। अगर ऐसा हो जाता है तो 2024 में लोकसभा के साथ नौ राज्यों के चुनाव हो जाएंगे। उसके बाद 2025 में कोई चुनाव नहीं होगा। अगर ये दोनों राज्य तैयार नहीं होते हैं फिर 2025 में यह कहते हुए चुनाव कराना होगा कि विधानसभा का कार्यकाल पांच साल का नहीं होगा और 2029 के लोकसभा के साथ फिर इन राज्यों में चुनाव होंगे। इसके बाद 2026 के मई में होने वाले चुनावों का दायरा बढ़ाया जा सकता है। 2026 के मई में तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल, पश्चिम बंगाल और असम के चुनाव हैं। उसके आठ महीने बाद फरवरी-मार्च 2027 में उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड, पंजाब, मणिपुर और गोवा के चुनाव हैं, जबकि उसी साल के अंत में हिमाचल प्रदेश और गुजरात के चुनाव हैं। इन सात राज्यों की विधानसभाओं का कार्यकाल कम करके मई 2026 में इनके चुनाव कराए जा सकते हैं। इस तरह मई 2026 में 13 राज्यों के चुनाव हो सकते हैं। इसके बाद 2028 के शुरू में त्रिपुरा, मेघालय और नगालैंड के चुनाव हैं, मई में कर्नाटक का चुनाव है और साल के अंत में राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम के चुनाव हैं। अगर पहले से तैयारी होती है तो इन राज्यों के चुनाव टाल कर 2029 के लोकसभा चुनाव के साथ कराया जा सकता है। इससे 2029 के लोकसभा चुनाव के साथ 18 राज्यों के चुनाव कराए जा सकते हैं। इस तरह एक देश, दो चुनाव का चक्र बन जाएगा। पहले 2026 में 13 राज्य व केंद्र शासित प्रदेशों का चुनाव और फिर लोकसभा के साथ 18 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों का कराया जा सकता है। इसका फायदा यह होगा कि अगर इस बीच लोकसभा या किसी विधानसभा में मध्यावधि चुनाव की नौबत आती है तो वहां चुनाव को ज्यादा समय तक नहीं टालना पड़ेगा क्योंकि ढाई साल के अंतराल पर चुनाव का चक्र चलता रहेगा। अगर सारे चुनाव एक साथ कराने की जिद की गई तो कई मुश्किलें आ सकती हैं।

**-अजीत द्विवेदी-**

## मेरा मन कह रहा है.

मेरा मन कह रहा है ।
तुझे ईश्वर बना दूँ।
प्रेम में मैं तुझे,
अपना ईश्वर बना दूँ ।
अरुणोंदय संग ही,
मैं तेरे दर्शन करूँ ।
तेरे साथ ही मैं ,
जीवन की हर सांस लूँ ।
पूजा करूँ तेरी,
तेरे लिए आरती गा दूँ।
मेरा मन कह रहा है,
तुझे अपना ईश्वर बना दूँ।
जब भी पुकारती हूँ,
मैं तुम्हें दुःख में,
कृष्ण बन जाते हो मेरे जीवन में,
मेरे अधरों की हँसी में,
तुम ही मुस्कराते हो।
प्रेम तो हो ही तुम मेरा,
तुम्हें प्रेम से ऊँचा बना दूँ।
मेरा मन कह रहा है ।
मैं तुम्हें ईश्वर बना दूँ।
आराधना,उपासना
प्रार्थना कर कर के,
तुम्हें जन्मों -जन्मों का
साथी बना लूँ ।
मेरा मन कह रहा है ।
प्रेम में तुम्हें
अपना ईश्वर बना दूँ ।



-गरिमा राकेश गौतम गर्विता
कोटा राजस्थान

## दाई-ददा हे देवता

ददा के मया अब्बड़ होथे,
दाई के अँचरा म दुलार ।
झन भुलव दाई- ददा ल,
जे मन देथें हम ला संस्कार ।।
पाल पोंस के बड़े करथें,
पढ़ा-लिखा बनाथें हुशियार ।
दुःख पीरा ला सहिके सदा,
करथें लाख-लाख उपकार ।।
खवाके अपन जूठन ल,
खुदे भूखन लाँघन रही जाथें ।
खून पछीना बोहा बोहाके,
दू बेरा के रोटी कमा लाथें ।।
दाई-ददा हे देवता रूप म,
दुनिया म नाँव उजागर हे ।
धरती म जनम देवइया,
मया पिरित के सागर हे ।।
सउँहत ईश के दरसन होथे
परमगति के बीजा बो ले ।।
कहाँ जाबे रे कांसी काबा,
दाई-ददा के चरनन धो ले ।



मुकेश उइके मयारू
चेपा,पाली, कोरबा
छत्तीसगढ़

## जिन्दगी

जिन्दगी बहता हुआ पानी है।
जो बीत गई बात पुरानी है।
देखो भविष्य को नई आशाएं,
बीती बातें एक कहानी है।
जिन्दगी दिखाती रंग हर कदम है।
कभी खुशी तो कभी ग़म है।
हर पल यहां जी लो जी भर कर
जिन्दगी सुख दुख का संगम है।
सकारात्मक सोच हो तो आशा है।
नकारात्मक सोच हो तो निराशा है।
आशा निराशा,सुख दुख,जीत हार,
जिन्दगी के दो ही तो पाशा है।
किसी को बहुत हंसाती है जिंदगी।
किसी को बहुत रुलाती है जिंदगी।
मन की संतुष्टि है जिसके पास,
उसे कहां कब सताती है जिंदगी।



प्रेमा पटेल
वाराणसी
उत्तरप्रदेश

## कल की पत्नी

तुम स्वीट हो अगर मैं ऐसा कहूं
तुम कड़वे होवह कहती है
मैं उससेअगर तुम लड़ते हो
वह मैं है वह एक चुंबन देती है
रास्ते मेंउसे अकेला छोड़ दें
मेरे पास और भी खूबसूरत महिलाएं हैं
पीछे मुड़कर...
वह अक्सर मुझसे कहती थी
वह कहती है आई लव यू।
लेकिन...
मैने कहा मैं तुमसे प्यार करता हूँ।
केवल अगर आप उसे बताएं
अपनी तेज़ नज़रों से मेरा दिल
उसे दर्द होता है...
वह आज है अपनी प्रेमिका...
वह कल है मेरी पत्नी...



ओत्तेरी सेल्वा कुमार
चेन्नई
तमिलनाडु

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

## बालकहानी

### गणित की क्लास



टीकेश्वर सिन्हा गब्दीवाला
घोटिया-बालोद
छत्तीसगढ

शॉर्ट रिसेस के बाद क्लास में बैठने की घंटी लगी। बच्चे अपनी-अपनी क्लास में बैठने लगे। कक्षा पाँचवी के छात्र त्रयम्बक ने गौरव के कंधे पर हाथ रखते हुए कहा- चल भाई जल्दी। नायक सरजी का गणित का पीरियड है। वे क्लास में जल्दी आ जाते हैं। चल दौड़ते हैं।

थोड़ी देर बाद शिक्षक अशोक नायक जी कक्षा पाँचवी में आये। गुड ऑफ्टर नून सर...! कहते हुए बच्चे खड़े हुए।

गुड ऑफ्टर नून बच्चों। सिट डाऊन।÷ शिक्षक नायक जी के कहने पर बच्चे बैठे। बच्चों की ओर नजर डालते हुए उन्होंने मजाकिया लहजे में कहा- अरे त्रिनाभ ! बहुत स्मार्ट लग रहे हो जी। वाह ! नई यूनीफॉर्म है क्या त्रिनाभ ? सभी बच्चे त्रिनाभ को देखने लग गये। त्रिनाभ बोला- जी सरजी, नई यूनीफॉर्म है। पहली बार पहन कर आया हूँ आज सर जी। मुस्कुराते हुए त्रिनाभ से नायक जी बोले- यहाँ पर आओ। अच्छा। अब बताओ त्रिनाभ अपनी इस नई युनीफॉर्म की शर्ट के सम्बंध में। कुछ तो बता सकते हो इसके बारे में। शर्ट तुम्हें अच्छी जँच रही है त्रिनाभ। क्यों बच्चों...?

जी सर जी, त्रिनाभ बहुत इस्मार्ट लग रहा है आज। बच्चों की मुस्कुराहट व हँसी मिश्रित आवाज गूँजी।

चलिए, मैं ही पूछता हूँ तुम्हें तुम्हारी शर्ट के बारे में। ओके...?

जी सर जी। त्रिनाभ सकुचाते हुए मुस्कुराया।

अभी गणित का पीरियड है। फिर तो गणितीय तरीके से पूछना चाहिए। है ना ? नायक जी टेबल पर चाक रखते हुए बोले- तुम्हारी यह शर्ट जो चेक वाली है। चेक किस आकृति में है जी ?

वर्ग बने हुए हैं सरजी। अपनी शर्ट पर नजर डालते हुए त्रिनाभ बोला।

वैरी गुड। चलिए बच्चों, ताली बजाइए त्रिनाभ के लिए। मुस्कुराते हुए नायकजी जी बोले। तुरंत ही एक स्वर में तालियाँ बजी। फिर प्रश्न हुआ- कितने रंग हैं तुम्हारी शर्ट में।

एक..दो..तीन... हैं सरजी। नीला, सफेद, काला। त्रिनाभ बोला।

अच्छा, बताओ बटन कितने लगे हैं ?

पाँच सरजी।

ठीक से गिनो।


पाँच ही तो हैं सर जी।

और अच्छे से चेक कर लो भाई; कहीं छः तो नहीं है ? तुम गिनो तो जी विनोद। शर्ट में कितने बटन हैं ?

एक.. दो..तीन..चार..पाँच... छः...।.छः तो हैं सरजी। ठीक है। विनोद बोला।

मैं गिनता हूँ अब। त्रिनाभ के पास नायक जी गये। सब बच्चे का ध्यान चला गया अब त्रिनाभ पर। सुनने लगे- एक, दो, तीन, चार, पाँच और...और...यह छः। नायक जी ने शर्ट के सामने वाली पट्टी के नीचे को पलट कर दिखाया। सचमुच में एक बटन और लगा हुआ था पट्टी के पीछे में। क्यों जी...? नायक जी हँसते-हँसते त्रिनाभ की पीठ पर हाथ फेरने लगे।

हाँ सरजी। न तो त्रिनाभ का ध्यान गया, और न ही हम सब का शर्ट के पट्टी के पीछे की ओर। सभी बच्चे हँसने लगे। हँसी, मुस्कान और ठिठोली से क्लास का माहौल खुशनुमा हो गया। फिर सभी बच्चे अपनी-अपनी जगह पर बैठे। नायक जी बोले- क्यों बच्चों, मजा आ रहा है ना ? बच्चों, हर चीज के प्रति ध्यान देना बहुत जरूरी होता है गणित में। ऐसा ही है जी यह गणित। गणित का सवाल हल करते समय अंको का बहुत ध्यान रखना पड़ता है। एक अंक का छूट जाना या इधर उधर हो जाना सवाल को प्रभावित करता है। एक बात और है बच्चों कि गणित में सिर्फ पाठ्यपुस्तक से ही काम नहीं चलता। गणित हर जगह होता है। हमारे जीवन में भी गणित है। अब पूछो न... जीवन में गणित कहाँ और कैसे होता है ?



जीवन में कहाँ...कैसे... सर जी गणित ? सामने बैठे दो चार बच्चों ने पूछ ही डाला।

जीवन तीन अक्षरों से बना है; है ना ? और यह जो तीन है एक अंक है। तीन तो गणित में ही होता है ना ? तो है ना जीवन में गणित। हँसते हुए नायक जी ने अपनी बात रखी। हर जगह गणित है, जैसे- दो आस्तीन, दो कालर, पाँच-छः बटन। बटन की आकृति गोल है, वृत्त की तरह। बटन में भी व्यास है, त्रिज्या है, एक केंद्र है। फिर तो बटन की परिधि है। क्षेत्रफल भी निकलेगा। सूत्र बनेगा। इसमें पाई होता। इसका मान बाईस बटा सात या तीन दशमलव एक चार आदि आदि। सभी बच्चे जी हाँ सरजी...बिल्कुल सही... बच्चों का ध्यान नायक जी की ओर खींचा जा रहा था। फिर नायक जी ने चाक और डस्टर पकड़कर ब्लैक बोर्ड पास गए। बोले- जैसे कि इस क्लास में कुल सैतीस बच्चे हैं। लड़के तेईस हैं। लड़कियाँ कितनी हैं, बताओ ? थोड़ी देर बाद चौदह... आवाज आई। ओके...! यही तो गणित है। फिर अपनी जेब से वे पेन निकालते हुए बोले- अच्छा, कल जो होमवर्क दिया गया था क्लास में इबारती प्रश्न से संबंधित है, सभी बनाकर लाये हैं कि नहीं।

जी सरजी बना कर लाये हैं। बच्चे एक साथ बोले।

एक-एक करके लाते जाओ मेरे पास... कहते हुए नायक जी चेयर पर बैठे। कापियाँ चेक करने लगे। दो-तीन बच्चों को छोड़कर सबने सवाल सही हल किया था। शर्ट की जेब पर पेन खोंचते हुए नायक जी चेयर से उठे। बोले- बच्चों तुम सब ने अच्छा प्रयास किया है। राहुल, सतेंद्र, मनीषा से थोड़ी गलती हुई है सवाल हल करने में। कोई बात नहीं। हो जाती है गलतियाँ । गलतियों से ही सीखने को मिलती है। गणित के ऐसे सवाल को हल करते समय शब्दों को, वाक्यों को ध्यान से पढ़ना, और समझना बहुत जरूरी है। बच्चों, गणित में अभ्यास की बड़ी अहमियत होती है। अच्छा चलिए, अब आप सब में से, जिनका सवाल सही हल हुआ है। कौन स्वयं यहाँ आकर बोर्ड पर बना कर दिखायेगा ? कुछ देर तक कक्षा में चुप्पी रही। बच्चे एक-दूसरे का मुँह देखने लगे, फिर चार-पाँच बच्चों ने हाथ उठाया। बोलते गये- मैं... मैं....बनाऊँगा... मैं बनाऊँगी....। नायक जी को बड़ी खुशी हुई। बोले- बहुत अच्छा। चलिए, सवाल को ब्लैक बोर्ड पर लिख देता हूँ।

एक किसान 9750 रू. लेकर बाजार गया। 2500 रू. की उसने एक गाय खरीदी। 3765 रू. का एक बैल मोल लिया। 3000 रू. का कृषि यंत्र पर खर्च किया। अब बताइए, किसान के पास कितने रुपए बचे ?

चाक और डस्टर पकड़कर ब्लैक बोर्ड की ओर इशारा करते हुए नायक जी बोले- चलो आओ गीतांजली ! तुमने भी तो बनाया है ना ?

जी सर जी, मैं बनाऊँगी। गीतांजली उठी। ब्लैक बोर्ड के पास गयी। चाक लिया ; और ब्लैक बोर्ड पर साइड में हल... लिखा। तभी नायक जी बोले- गीतांजली ! ऐसे ही नहीं जी, बोलकर क्लास की ओर देखते हुए, क्लास को समझाते हुए बनाना है। नायक जी चेयर पर बैठ गये। गीतांजली ने शुरू किया- एक है किसान, जो 9750 रू.लेकर बाजार जाता है, फिर वह 2500 रू. की एक गाय खरीदता है।÷ बच्चे ध्यान से देखने और सुनने लगे। सबके सब चुप थे।। गीतांजली ने जारी रखा- 3765 का बैल लेता है। 3000 रू. का कृषि यंत्र भी खरीदता है। फिर सबसे पहले तो हम खरीदने वाले मूल्य अर्थात खर्च की गयी राशि को एक साथ जोड़ देंगे। इस तरह 2500+3765+3000 = 9265 हुआ। फिर कुल राशि 9750 रू, जिसे लेकर किसान बाजार गया है; उसमें कुल खर्च की गयी राशि- 9265 रू. को घटा देते हैं, इस प्रकार 9750 - 9265 = 485 आएगा। यह संख्या किसान के पास बची हुई राशि हुई। यह सवाल इसी तरह हल होगा सर जी। 485 रू ही सवाल का उत्तर होगा।÷ सभी बच्चों ने फिर एक बार जोरदार ताली बजाई। फिर नायक जी बोले- बहुत अच्छ गीतांजली। बहुत बढ़िया प्रस्तुति। इसी तरह ही हर बच्चे को बड़े ध्यान से; पूरे आत्मविश्वास से गणतीय सवालों को हल करना चाहिए। आवश्यकता पड़ने पर होमवर्क करते समय अपने पैरेंट्स का हेल्प लेना चाहिए। नायक जी आगे और बता ही रहे थे, तभी पीरियड समाप्ति की बेल बजी। वे क्लास से निकल रहे थे, तभी बच्चे प्रसन्नचित्त होकर एक ही स्वर में बोले- थैंक यू सर जी....।

# मानव जीवन में रस बनाम-चिंता और गुस्सा



अशोक पटेल आशु
मेघा,धमतरी
छत्तीसगढ

काव्य की दृष्टि से और मानव के जीवन के जीवन में रस का बड़ा महत्व होता है।और इसी रस से हमारा जीवन संचालित होता है।और कई एक उतार चढ़ाव से होता हुआ आगे बढ़ता है।इस मानव जीवन के मन मे पूरे चौबीस पहर कोई न कोई रस प्रवाहित होते रहता है।यह रस स्थायी भी हो सकता है और अस्थायी भी हो सकता है।

पर स्थायी रस दस हैं जिसमे- रति, हास, शोक, उत्साह, क्रोध, भय, जुगुप्सा विस्मय,ननिर्वेद और वात्सल्य रस होता है।

इसी प्रकार अस्थायी रस या भाव जिसको संचारी भाव कहा जाता है।जिसको भरत मुनि ने तैंतीस माना है जैसे-

निर्वेद, ग्लानि, शंका, असूया, मद, श्रम, आलस्य, देन्य, चिंता, मोह, स्मृति, घृति, ब्रीडा, चपलता, हर्ष, आवेग, जड़ता, गर्व, विषाद, औत्सुक्य, निद्रा, अपस्मार, स्वप्न, विबोध, अमर्ष, अविहित्था, उग्रता, मति, व्याधि, उन्माद, मरण, वितर्क।

स्थायी भाव सर्वत्र विद्यमान रहता है।जबकि अस्थायी भाव जिसे संचारी भाव कहा जाता है।अचानक संचार होता है।फिर चला जाता है।अर्थात यह कहा जा सकता है कि जो स्थायी भाव को पुष्ट करने के लिए जो रस संचार हो वही अस्थायी भाव कहलाता है।और फिर उस भाव को संचारित करने के बाद विलुप्त हो जाता है। उसे ही संचारी भाव कहते हैं।




इसी रस पर आधारित होता है चिंता और गुस्सा÷।

÷चिंता÷शब्द चित्त से बना है।चित्त अर्थात मन।

जब चित्त किसी विषय के बारे में लगातार चिंतन करे, मनन करे,उसके बारे में सोचना शुरू कर दे,और ध्यान उसी में बार-बार जाए।तो यह चिंता है।जो चित्त या मन को प्रभावित करता है।बात यहीं खत्म हो जाती तो कोई बात नही थी।पर !धीरे-धीरे यह चिंता, चिता का रूप लेना शुरू कर देती है।जो शरीर के लिए खतरनाक साबित हो सकती है।

और यह माना जाता है कि चिंता जीवित शरीर को जला देता है जबकि चिता मृत शरीर को।

तो हमे यह तय करना है कि हम किस शरीर को जलाएँ।

इसी प्रकार इस कड़ी में एक होता है रौद्र रस जिसका स्थाई भाव होता है गुस्सा।इस गुस्से के कारण भी हमारा जीवन अत्यधिक प्रभावित और परेशान रहता है।इस गुस्से ने न जाने कितने लोगों का जीवन बर्बाद किया है। इसकी गिनती कर पाना सम्भव नही है।इसने कितनो का घर उजाड़ा,कितनो का सम्बंध विच्छेद किया ,कितनों को बलि में चढ़ने के लिए मजबूर कर दिया।पूरा जीवन घर-परिवार को बरबाद कर दिया।

इस पर मानव को सोंचने और चिंतन करने की आवश्यकता है।इस मानव जीवन के मन मे नाना प्रकार के स्थायी और अस्थाई भाव निहित होते हैं। जो इन्हे प्रभावित करते हैं।उपरोक्त भावों मनोभावों को ध्यान में रखते हुए हमे तय करना है की किसे चुनना है किसे त्यागना है।और हमें यह सोंचना होगा की इन भावों का हम कब? और कैसे? कहाँ? किस? रूप में उपयोग करें,यह हमारी बुद्धि और समझदारी पर निर्भर करती है।

# सामाजिक-राजनीतिक सशक्तिकरण में असमानता सतत आर्थिक विकास के लिए अभिशाप

सामाजिक और राजनीतिक सशक्तीकरण और जनता को शामिल करने की प्रक्रिया में लंबे अंतराल से अधिक टिकाऊ आर्थिक विकास को कोई नुकसान नहीं पहुंचाता। इसलिए, एक सर्व-समावेशी विकासात्मक पारिस्थितिकी तंत्र की आवश्यकता है जहां विकास के लाभ सभी सामाजिक समूहों में उचित रूप से वितरित हों! सामाजिक-राजनीतिक पारिस्थितिकी तंत्र में यह काफी चुनौतीपूर्ण हो जाता है, जहां संपूर्ण विकास प्रक्रिया को समृद्ध-केंद्रित बनाकर कई अंतरालों को दूर नहीं किया जाता है, जो यह सुनिश्चित करता है कि संसाधन और अवसर मलाईदार अल्पसंख्यक समुदाय तक ही सीमित हैं, जिसमें विभिन्न सामाजिक समूहों के समृद्ध लोग शामिल हैं। ऐसे देश में जहां विभिन्न रूपों में असमानताएं और भेदभाव सदियों से कायम हैं, सर्वांगीण समावेशी विकास सुनिश्चित करने का कार्य निश्चित रूप से विशाल और अविश्वसनीय रूप से मांग वाला है।

आजादी के बाद से, भारत गरीब जनता के उत्थान के लिए कई सकारात्मक और कल्याणकारी उपायों का पालन कर रहा है, लेकिन वांछित परिणाम नहीं मिले हैं, हालांकि हम 2030 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की कगार पर हैं। निश्चित रूप से, हमारी अर्थव्यवस्था सबसे बड़ी नहीं होगी समावेशी अर्थव्यवस्था तब तक है जब तक अंतिम छोर तक विकास के लक्ष्य को संपूर्ण तरीके से साकार करते हुए बहुत सारे कठोर सामाजिक-आर्थिक और राजनीतिक उपाय शुरू नहीं किए जाते हैं और उन्हें तार्किक निष्कर्ष तक नहीं पहुंचाया जाता है!

चूँकि बहुसंख्यक आबादी को अवसरों और संसाधनों में हिस्सेदारी से वंचित करने और वंचित करने की भयावहता को ध्यान में रखे बिना कोई अर्थव्यवस्था के लचीलेपन का आकलन नहीं कर सकता है, इसलिए संविधान में संशोधन के मद्देनजर उभरती हुई बड़ी तस्वीर को समझने और समझने की आवश्यकता है। संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देना। अन्य पिछड़े वर्गों (ओबीसी), एससी और एसटी - तीन सामाजिक समूहों, जो देश की आबादी का कम से कम 75 प्रतिशत हिस्सा हैं, की महिलाओं के लिए कोटा के भीतर कोटा की मांग कई हलकों से हो रही है।

पार्टी लाइनों और उनके सामाजिक-आर्थिक जुड़ावों से ऊपर उठकर, हर रंग के राजनेताओं का दावा है कि 33 प्रतिशत आरक्षण में अपने समुदायों की महिलाओं की हिस्सेदारी सुनिश्चित किए बिना, लैंगिक असमानताओं, बहिष्कार और अभाव को संबोधित करने का संकल्प विफल हो जाएगा। मुद्दे को स्पष्ट करने के लिए, वे मौजूदा महिला सांसदों का हवाला देते हैं, जहां ओबीसी, एससी और एसटी महिला सदस्यों की हिस्सेदारी नगण्य है। हालाँकि, भावनाओं, प्रचार और बयानबाजी से दूर हुए बिना, किसी को भारतवर्ष की आजादी के बाद से वंचित महिलाओं के विकास के निष्पक्ष मूल्यांकन की तलाश करनी चाहिए, जिसे समय-समय पर केंद्र सरकार द्वारा साझा किए गए कुछ ठोस विश्वसनीय आंकड़ों द्वारा समर्थित किया जाना चाहिए। .

उदाहरण के लिए, सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री ए. नारायणस्वामी के अनुसार, 2014 में की गई लगभग 1,28,629 नियुक्तियों में सीधी भर्ती में 21,673 एससी, 10,843 एसटी और 40,513 ओबीसी थे, जो इंगित करता है कि उनके मुकाबले कोई आनुपातिक प्रतिनिधित्व नहीं था। वित्त जनसंख्या. 2021 में, सीधी भर्ती के माध्यम से 64,073 नियुक्तियाँ की गईं, जिनमें से 10,200 एससी, 4,573 एसटी और 19,660 ओबीसी थे। हम इन सीधी भर्तियों में सामान्य रूप से महिलाओं और विशेष रूप से एससी, एसटी और ओबीसी महिलाओं की सटीक हिस्सेदारी के बारे में अनुमान लगाने के अलावा नहीं जानते हैं। आइए कुछ अन्य आंकड़ों पर भी नजर डालते हैं. नारायणस्वामी ने पिछले साल बताया था कि आज की तारीख तक राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त और विकास निगम (एनएसएफडीसी) द्वारा ऋण प्रदान किए गए गरीब एससी व्यक्तियों की संख्या 14,48,790 थी और गरीब ओबीसी व्यक्तियों की संख्या जिन्हें ऋण प्रदान किया गया है। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम (एनबीसीएफडीसी) द्वारा 30,69,427 थी। ये संख्याएँ उनकी जनसंख्या के आकार के अनुरूप नहीं हैं, जो इस तथ्य के अलावा और कुछ नहीं दर्शाती हैं कि उनके और उनके लिए बनाई गई योजनाओं के बीच अभी भी बहुत बड़ा अंतर है। पंजाब में, जहां अनुसूचित जाति की आबादी 30 प्रतिशत से अधिक है, वहां एनएसएफडीसी ऋण के केवल 24,249 लाभार्थी थे। संदेश जोरदार और स्पष्ट है कि समाज के कमजोर वर्गों के लक्षित लाभार्थियों को अभी भी उनके लिए बनाई गई योजनाओं और सकारात्मक उपायों का लाभ पाने के लिए सहारा और सहायता की आवश्यकता है। अब सवाल यह उठता है कि वे मतदान की लड़ाई में सामान्य वर्ग की महिलाओं से कैसे मुकाबला करेंगी? हमें समर्थन और सुरक्षा के साथ प्रतिस्पर्धी राजनीतिक पारिस्थितिकी तंत्र में उन्हें उजागर करके उनमें नेतृत्व गुण विकसित करने की आवश्यकता है, जिसके लिए उन्हें कोटा प्रदान करना होगा।

**-त्रिवेणी-**

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों की ली बैठक

» प्रेस वार्ता के माध्यम से मीडिया के प्रतिनिधियों को निर्वाचन सम्बन्धी महत्वपूर्ण जानकारियों से कराया अवगत

» मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन की स्थिति में जिले में 6 लाख 49 हजार 319 मतदाता,

» 786 मतदान केन्द्र, 1 लाख 78 हजार से ज्यादा युवा मतदाता शामिल

» छूटे मतदाता अब भी निर्वाचक नामावली में जुड़वा सकते हैं नाम

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,04 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुन्दन कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजनैतिक दलों की बैठक तथा मीडिया के प्रतिनिधियों के साथ प्रेसवार्ता आयोजित की गई। जिला कलेक्टरेट सभाकक्ष में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से संतोष गोयल, भारतीय जनता पार्टी से आलोक दुबे, करताराम गुप्ता,अभिषेक शर्मा, छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस से ज्योति सिसोदिया, आम आदमी पार्टी से राजेन्द्र बहादुर सिंह, रवि रंजन पाठक, बहुजन समाज पार्टी से प्रकाश किस्पोट्टा, रामदास टोप्पो उपस्थित थे। इसी प्रकार प्रेसवार्ता में जिले के सभी प्रिंट मीडिया एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित थे।



बैठक में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 01 अक्टूबर की स्थिति में 04 अक्टूबर को अंतिम प्रकाशन के संबंध में जानकारी दी गई तथा सभी दलों एवं मीडिया प्रतिनिधियों को मतदाता सूची की प्रति उपलब्ध कराई गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुंदन ने बताया कि जिले में मतदान की शुद्धता पर विशेष फोकस किया गया है, जिसमें बीएलओ की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। डोर-टू-डोर सर्वे के माध्यम से नाम विलोपन की कार्यवाही की गई है, वहीं जिले में मतदाताओं की संख्या में भी वृद्धि हुई है। इस दौरान विभिन्न राजनैतिक दलों तथा अभ्यर्थियों द्वारा अपने निर्वाचन प्रचार हेतु किए जाने वाले व्यय की गणना, विभिन्न सामाग्रियों, सेवाओं आदि के लिए दर निर्धारण के बारे में भी राजनैतिक दलों को बताया गया। स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन हेतु लगातार बैठकें एवं प्रशिक्षण आयोजित किए जा रहें है, जिसके अंतर्गत बैंकों, केबल ऑपरेटर, पेट्रोल पंप संचालकों, प्रिंटिंग प्रेस आदि की बैठक लेकर चुनाव के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुनील नायक ने राजनीतिक दलों एवं मीडिया के प्रतिनिधियों के समक्ष निर्वाचन से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी रखी। उन्होंने बताया कि 02 अगस्त को मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन के समय प्रारंभिक प्रकाशन के समय जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 6 लाख 35 हजार 871 थी, मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन 04 अक्टूबर की स्थिति में जिले में 6 लाख 49 हजार 319 मतदाता हैं, जिनमें 3 लाख 1 हजार 113 पुरूष मतदाता, 3 लाख 28 हजार 190 महिला मतदाता और 16 थर्ड जेण्डर मतदाता है। 04 अक्टूबर 2023 की स्थिति में जिले में कुल 1 लाख 78 हजार 600 युवा मतदाता हैं, जिनमें 18-19 आयु वर्ग के 23926 मतदाता और 20-29 आयु वर्ग के 1 लाख 54 हजार 674 मतदाता शामिल हैं।

मतदान केंद्रों के सम्बंध में उन्होंने बताया कि जिले में कुल 786 मतदान केन्द्र हैं, जिसमें विधानसभा क्रमांक 09-लुण्ड्रा में 254 मतदान केन्द्र. विधानसभा क्रमांक 10-अम्बिकापुर में 281 मतदान केन्द्र हैं। इसके अतिरिक्त 01 मतदान केन्द्र गेतरा, सूरजपुर जिले के अंतर्गत आयेगा। विधानसभा क्रमांक 11-सीतापुर में 245 मतदान केन्द्र है। इसके साथ ही विधानसभा क्रमांक 05-भटगांव में 06 मतदान केन्द्र आते हैं, जहां जिले के 6127 मतदाता मतदान करेंगे।

## छूटे मतदाता अब भी निर्वाचक नामावली में जुड़वा सकते हैं नाम

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुन्दन कुमार ने अपील की है कि ऐसे मतदाता, जो अब तक मतदाता सूची में अपना नाम नहीं जुड़वा पाए हैं, उनके पास अब भी मौका है कि आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध करवाकर अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं।

उल्लेखनीय है कि निर्वाचक नामावली हेतु फॉर्म 6 में नया नाम जोड़ने एवं फॉर्म 8 के संशोधन वाले फॉर्म नामांकन के अंतिम दिवस के 10 दिन पहले तक प्राप्त कर आवेदन नामांकन के अंतिम दिवस तक निराकृत किए जाते हैं। निर्वाचन की घोषणा होते ही नाम विलोपन यानी फॉर्म 7 की प्रक्रिया बंद हो जाती है। घोषणा के दिन तक प्राप्त सभी फॉर्म 7 का निपटारा अगले 10 दिनों के अन्दर पूर्ण कर लिया जाता है। इसी प्रकार फॉर्म 8 के संशोधन से सम्बंधित नए आवेदनों की प्रक्रिया बंद हो जाती है एवं घोषणा के दिन तक प्राप्त ऐसे सभी आवेदनों का निपटारा अगले 10 दिनों के अन्दर पूर्ण कर लिए जाने के निर्देश हैं। इस प्रकार नामांकन के अंतिम दिन नामावली फ्रीज हो जाएगी। विलोपन एवं संशोधन का काम घोषणा के 10वें दिन बंद हो जावेगा इसलिए घोषणा होने के 10 दिन बाद मूल नामावली प्रिंट कराई जा सकती है।

# सड़क किनारे सो रही महिला ने बच्चे को दिया जन्म,पूरी रात प्रसव पीड़ा से कराहती रही

- संवाददाता -
अंबिकापुर,04 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

शहर के केदारपुर स्थित एक निजी अस्पताल के सामने मंगलवार की रात सडक़ किनारे सो रही गर्भवती महिला का प्रसव हो गया। बुधवार की सुबह अस्थानीय लोगों ने देखा तो उसे संजीवनी 108 से मेडिकल कॉलेज अस्पताल भिजवाया। जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ्य है। हालांकि बच्चे को एसनएसीयू में रखा गया है।



केदारपुर स्थित एक निजी अस्पताल के पास मंगलवार की रात एक महिला ने एक बच्चे को जन्म दिया, जन्म के बाद जच्चा- बच्चा दोनों रात भर सडक़ किनारे ही पड़े रहे। गुरुवार की सुबह जब स्थानीय लोगों की नजर पड़ी। महिला व बच्चे को पहनने और ओढने के लिए कपड़ा दिया। इसके बाद लोगों संजीवनी 108 की मदद से महिला और बच्चे को मेडिकल कॉलेज अस्पताल भिजवया। तब तक बच्चे का नाल लगा हुआ था। चिकित्सकों ने पहले नाल काटा और बच्चे को साफ-सफाई की। इसके बाद उसे एसनसीयू में रखा गया है। वहीं महिला को भर्ती कराया गया है। चिकित्सकों ने बताया कि जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ्य है।

चिकित्सकों ने बताया कि महिला एक सप्ताह पूर्व अस्पताल में आई थी। कुछ दिनों तक भर्ती रही थी। फिर अचानक अस्पताल से महिला भाग गई थी। उसके बारे में पूछे जाने पर कुछ नहीं बताती है। महिला का मानसिक स्थिति ठीक नहीं है।



## निधनः गंगाकुंवर

- संवाददाता -
अंबिकापुर,04 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

शहर के बाबूपारा निवासी दीनदयाल सिंह की पत्नी गंगाकुंवर का 82 वर्ष की आयु में मंगलवार शाम उनके निवास में निधन हो गया। वे लंबे समय से अस्वस्थ थी। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को शंकरघाट स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे अधिवक्ता गजेंद्र सिंह, अशोक सिंह, अनिल सिंह की माता थी। वे अपने पीछे तीन पुत्रियों सहित भरापूरा परिवार छोड़ गई हैं।

# बिना इलाज के ही मेडिकल कॉलेज अस्पताल के डॉक्टर ने महिला को भेज दिया निजी अस्पताल

- संवाददाता -
अंबिकापुर,04 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

गरीब परिवारों को शासकीय अस्पतालों में बेहतर इलाज मिल सके इसके लिए प्रदेश सरकार हर मुमकिन कोशिश कर रही है .. लेकिन अस्पताल में पदस्थ डॉक्टर की मनमानी शासन की महती योजनाओं को पलीता लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे है। चिकित्सकों ने पेट दर्द से पीड़ित महिला का इलाज करने के बजाए बेहतर इलाज का हवाल देकर निजी अस्पताल भेज दिया। परिजन महिला को आनन-फानन में निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। यहां इलाज में परिजन का 35 से 40 हजार रुपए खर्च हो गए। परिजन ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल के चिकित्सक पर इलाज न करने का आरोप लगाया है।



शहर से लगे ग्राम लोधिमा की रहने वाली संतोषी बाई पिछले कुछ दिनों से पेट दर्द से पीड़ित थी। ज्यादा तबियत बिगडने पर परिजन 29 सितंबर की शाम को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे। आपातकालीन ड्यूटी के डॉक्टर से इलाज के बाद उसे भर्ती कराया गया। दूसरे दिन सुबह महिला को सर्जरी विभाग के डॉक्टर से दिखाया गया। चिकित्सक ने पहले सोनोग्राफी करवाने की बात कही। परिजन सोनोग्राफी करवाने पहुंचे तो पता चला की केवल इमरजेंसी वालों को सोनोग्राफी किया जाएगा। अस्पताल में सोनोग्राफी नहीं होने पर परिजन निजी डाग्नोस्टिक सेंटर से सोनोग्राफी करवाकर रिपोर्ट डॉक्टर को दिखाया। डॉक्टर ने रिपोर्ट देखकर कहा कि महिला के बच्चेदानी में सुजन है। इसका इलाज मेडिकल कॉलेज अस्पताल में संभव नहीं है। अगर बेहतर इलाज करवाना है तो उसे रायपुर ले जाओ या फिर शहर के निजी अस्पताल में लेकर जाओ। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज नहीं होने पर परिजन शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां महिला का ऑपरेशन करवाया गया। इलाज में लगभग 35 से 40 हजार रुपए खर्च हुए हैं।

# राज्य स्तरीय कराटे चैंपियनशिप बिलासपुर में जिला सूरजपुर की कोच परबतिया राजवाड़े के नेतृत्व में खिलाड़ियों ने जीते पदक बढ़ाया जिले का मान

- संवाददाता -
सूरजपुर,04 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

सूरजपुर बिलासा कप राज्य स्तरीय कराटे चेम्पियनशिप का भव्य आयोजन नर्मदा नगर सामुदायिक भवन बिलासपुर में सम्पन्न हुआ कार्यक्रम के मुख्यातिथि बिलासपुर विधायक शैलेश पाण्डेय, डॉ विनोद कुमार तिवारी डायरेक्टर संजीवनी हॉस्पिटल, प्रिंस भाटिया,श्रीमती किरण सिंह,अध्यक्ष सहयोग फाउंडेशन,मुकेश कुमार अधिजा,अध्यक्ष सब्जी मंडी,चंचल सलूजा समाज सेवी, श्रीमती उज्वला करड़े, के गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ,जिसमें सुरजपुर जिले की कोच परबतिया राजवाड़े के नेतृत्व में महिला कराटे खिलाड़ी सुषमा सिंह,कैलाशपति, बतासो,कविता ने प्रतिनिधित्व कर पदक जीतकर जिले को गौरान्वित किए हैं उक्त चेम्पियनशिप में रायपुर,कबीरधाम,बेमेतरा,मुंगेली,जांजगीर चाम्पा,सक्ति,सारंगढ बिलाईगढ़,सरगुजा,कोरिया,सूरजपुर, बलरामपुर एवं मेजबान बिलासपुर जिले से 200 से अधिक महिला पुरूष खिलाड़ियों ने कुमिते एवं काता इवेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए मुकाबले के विभिन्न आयु एवं वजन समूहों में जोरदार टक्कर देते हुए पदको पर कब्जा किए बिलासा मार्शल आर्ट एकेडमी एवं राज्य कराटे संघ युनाइटेड शोतोकान कराटे के प्रदेशाध्यक्ष शिहान वरुण पाण्डेय,एवं आयोजन कमेटी सचिव दीपक घाटगे द्वारा सभी विजेताओं,उपविजेताओ,कोच, मैनेजर एवं उपस्थित अतिथियों को पुरस्कार,प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया ।



# आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं की नियुक्ति अधर में,बना चर्चा का विषय







-मनोज कुमार -
लखनपुर,04 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

लखनपुर महिला एवम बाल विकास विभाग अंतर्गत विकासखंड में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं की नियुक्ति आज दिनांक तक अधर में लटकी हुई है।जो अब जन चर्चा का विषय बना हुआ है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक लखनपुर विकासखंड अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में कुल 13 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की नियुक्ति की जानी थी परंतु विभागीय अधिकारियों के लापारवाही के कारण नियुक्ति की प्रक्रिया अधर में लटकी हुई है नियुक्ति नहीं की गई है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव होना है और जल्दी पूरे राज्य में चुनाव के मद्देनज़र आचार संहिता लग सकती है। विभाग के आला अधिकारियों को चाहिए कि आचार संहिता से पूर्व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की नियुक्ति कर दी जाए परंतु अब तक यह नियुक्ती नहीं हो सका है। अब देखना होगा कि विभाग के अधिकारियों के द्वारा कब तक आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की नियुक्ति की जाती है।

*इस संबंध में जिला परियोजना अधिकारी जेएस प्रधान से मोबाइल से संपर्क करने चाहा परन्तु किसी कारणवश संपर्क नहीं हो सका।*

**जिला परियोजना अधिकारी**
**जेएस प्रधान**

# गज दल का आतंक जारी,हाथियों से चारों ओर से घिरे बुज़ुर्ग को रेस्क्यू कर सुरक्षित निकाला गया घर से बाहर

## मंगलवार की रात 10 बजे आधे घंटे के लिए बंद करना पड़ा NH-130

- संवाददाता -
उदयपुर,04 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

11 हाथियों का दल विगत एक माह से उदयपुर वन परिक्षेत्र में सक्रिय है। सैकड़ों किसानों के धान व मक्का की दर्जनों हेक्टयर फसलों को नुकसान पहुंचा चुका है। हाथियों ने कुमडेवा महुवा टिकरा के जंगल में विगत चार दिन पूर्व एक ग्रामीण को मौत के घाट उतार दिया था।

मंगलवार की रात 8ः00 बजे करीब हाथियों का दल करम कटरा जंगल से निकलकर ह्य 130 को पार करते हुए ग्राम जजगी यादव पारा और उद्यान विभाग के नर्सरी में पहुंच गया।

NH से मात्र 200 से 300 मीटर की दूरी पर मक्का बाड़ी व धान के फसलों के बीच अपने घर के भीतर रह रहे बुजुर्ग लालमन यादव के साथ उस वक्त विषम परिस्थिति आ गई जब 11 हाथियों के दल ने उसके घर को चारों तरफ से घेर लिया और उनके लगभग 5 एकड़ में लगे धान मक्का रहर टमाटर केला की फसलों को खाने व रौंदने लगे । लगभग एक से डेढ़ घंटे तक उत्पात मचाने के बाद हाथियों ने घर से सटे पानी की टंकी में मन भर पानी पीने के बाद कुछ देर के लिए जैसे ही किनारे हटे वन अमला के वनपाल रामबिलास सिंह व अन्य साथियों तथा परिजनों ने उन्हें तत्काल वहां से हटाकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। बुजुर्ग के हटते ही हाथियों का दल फिर से उसी मक्का बाड़ी में आ धमके तथा पुनः फसलों को नुकसान पहुंचाने लगे। हाथियों ने रात 9.30 बजे ह्य पर निकलने की कोशिश करने लगे तब वन अमला ने सुरक्षा की दृष्टि से लगभग आधा घंटे 10 बजे तक ह्य को ग्राम जजगी के समीप दोनों ओर से बंद कर दिया। हाथियों का दल सुरक्षित जंगल की ओर निकल जाने के बाद पुनः आवागमन हेतु रास्ता चालू किया गया। हाथियों का दल झिरमिटी तथा जजगी अलकापुरी के दर्जनों ग्रामीणों के धान की फसलों को नुकसान पहुंचाते हुए नर्सरी से अलकापुरी होते हुए वापस करना कटरा जंगल वापस चले गए । विदित हो की हाथियों का दल विगत एक माह से यहां डेरा जमाए हुए है।






वन अमला लगातार लोगों को जागरूक करने मुनादी करा रहा है तथा डीएफओ टी शेखर के मार्गदर्शन में दो पालियों में 24 घंटे हाथियों पर नजर बनाए हुए है। लोगों द्वारा वन अमला की समझाइश न मानना और हाथियों को देखने या भगाने के लिए जंगल में घुसना और उनके नजदीक पहुंचना कई बार काफी घातक सिद्ध होता है। वन अमला अब तक आधा दर्जन लोगों को हाथियों के चंगुल से सुरक्षित बचा कर जन हानि रोकने की भरसक प्रयास कर रही है। गजराज वाहन के चालक दीपक की दिलेरी का हर कोई मुक्त कंठ से सराहना कर रहा है जो विषम परिस्थितियों में वन अमला के साथ लोगों को सुरक्षित करने में जुटा हुआ है।

# ऋषि सुनक मेरे बेस्ट फ्रेंड,राजनीतिक मंच पर अक्षता मूर्ति ने कराया ब्रिटेन के प्रधानमंत्री का परिचय

**लंदन,04 अक्टूबर 2023 ।** ब्रिटेन की प्रथम महिला अक्षता मूर्ति ने बुधवार को उस वक्त सबको चौंका दिया, जब वह एक राजनीतिक मंच पर अपने पति ऋषि सुनक का परिचय कराने के लिए बाहर निकलीं। इस दौरान अक्षता ने उन्हें अपना सबसे अच्छा दोस्त बताया। सुनक मैनचेस्टर में कंजर्वेटिव पार्टी के सम्मेलन में पहली बार प्रधानमंत्री बनने के बाद भाषण देने पहुंचे थे।

मूर्ति ने अपने अपने भाषण के दौरान दावा किया कि उनके पति को पार्टी के वार्षिक सम्मेलन के केंद्र बिंदु में गेट क्रैशिंग (वार्म-अप कार्यक्रम) के बारे में जानकारी नहीं थी और उनके फैसले ने उनकी बेटियों कृष्णा और अनुष्का को भी आश्चर्यचकित कर दिया था।




इन्फोसिस के सह-संस्थापक नारायण मूर्ति की बेटी ने सुनक की कई उपलब्धियों पर गर्व जताया और बताया कि कैसे उनकी ईमानदारी व निष्ठा ने पहली बार उन्हें उनकी ओर आकर्षित किया, जब वे स्टैनफर्ड विश्वविद्यालय में छात्र के रूप में मिले थे।

मूर्ति ने कहा, ऋषि और मैं एक-दूसरे के सबसे अच्छे दोस्त हैं। हम एक टीम हैं और मैं उन्हें व पार्टी के प्रति अपना समर्थन जताने के लिए आज यहां से ज्यादा कहीं और होने की कल्पना नहीं कर सकती।

उन्होंने कहा, ऋषि और मैं चौबीस की उम्र में मिले थे, जब हम दोनों अमेरिका में पढ़ाई कर रहे थे। शुरुआत से ही मैं उनकी दो चीजों से प्रभावित थी..एक अपना घर ब्रिटेन के लिए उनका गहरा प्यार और दूसरा उनकी यह सुनिश्चित करने की ईमानदार इच्छा कि अधिक से अधिक लोगों को अवसर मिलें। अक्षता ने कहा कि ऋषि के साथ रहना मेरी जिंदगी का सबसे आसान फैसला था।

वहीं, ऋषि सुनक ने पार्टी के नेता के रूप में कंजर्वेटिव पार्टी के सम्मेलन को संबोधित किया और प्रधानमंत्री के रूप में अपनी पदोन्नति का उदाहरण देते हुए कहा कि यह इस बात का सबूत है कि ब्रिटेन नस्लवादी देश नहीं है और उनकी त्वचा का रंग कोई बड़ी बात नहीं है। सुनक ने कहा, कभी भी किसी को यह कहने दें कि यह एक नस्लवादी देश है। उन्होंने कहा, मेरी कहानी एक ब्रिटेन की की एक कहानी है कि कैसे एक परिवार तीन पीढ़ियों में डाउनिंग स्ट्रीट तक पहुंच सकता है।

## ओवरपास से रेल पटरियों के पास गिरी बस, आग लगने से 21 यात्री जिंदा जले

**रोम,04 अक्टूबर 2023।** इटली के नहरों वाले शहर वेनिस के पास एक बस के ओवरपास से ट्रेन की पटरियों के पास गिरने और फिर उसमें आग लगने से कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई। हादसे में कई लोग घायल भी हुये हैं, हालांकि स्थानीय मीडिया की रिपोर्टों में उनकी संख्या अलग-अलग बताई जा रही है। अनुमान है कि 12 से 40 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से कम से कम दो की हालत गंभीर है। इसके अतिरिक्त कई लोग लापता होने की भी सूचना है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि मरने वालों की संख्या अभी भी बढ़ सकती है। घायलों का इलाज क्षेत्रीय अस्पतालों में चल रहा है। स्थानीय मीडिया ने बताया कि एक बस वेनिस के मेस्त्रे क्षेत्र में वेम्पा ओवरपास पर लगी बाड़ को तोड़ते हुए लगभग 10 मीटर नीचे रेल की पटरियों के पास एक खाली क्षेत्र में गिर गई। कथित तौर पर गिरते ही बस में आग लग गई।

रिपोर्ट के अनुसार, इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी ने व्यक्तिगत और सरकार की ओर से गहरी संवेदना व्यक्त की और कहा कि वह घटनाक्रम पर करीब से नजर रख रही हैं। रोम के क्विरिनले पैलेस ने कहा कि इटली के राष्ट्रपति सर्जियो मैटरेल्ला ने वेनिस के मेयर लुइगी ब्रुगनारो को फोन करके इस त्रासदी पर दुःख व्यक्त किया है। ब्रुगनारो ने सोशल मीडिया पर कहा, आज शाम हमारे समुदाय में एक बड़ी त्रासदी हुई।

## अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन ने पाकिस्तान सेना प्रमुख से की फोन पर बात, बढ़ते आतंकी हमलों पर जताई चिंता

**वाशिंगटन,04 अक्टूबर 2023 ।** पाकिस्तान के भीतर बढ़ रही आतंकी घटनाओं को लेकर अमेरिका खासा चिन्तित दिखाई दे रहा है। अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन ने पाकिस्तान सेना प्रमुख से फोन पर बात की।

पाकिस्तान में बढ़ रहे आतंकी हमलों को लेकर अमेरिका खासा चिन्तित दिखाई दे रहा है। कुछ ही दिन पहले आतंकवादियों ने पाकिस्तान स्थित एक मस्जिद में बम विस्फोट किया। अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन ने पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर से बातचीत की। इस दौरान दोनों के बीच आतंकवादी हमलों में बढ़ोतरी के साथ-साथ पारस्परिक हित के क्षेत्रों और क्षेत्रीय विकास पर भी चर्चा हुई। इसकी पुष्टि पेंटागन के प्रेस सचिव जनरल पैट्रिक राइडर द्वारा की गई है।



पाकिस्तान के जियो न्यूज द्वारा जारी रिपोर्ट के मुताबिक यह दूसरी बार है जब दोनों शीर्ष अधिकारियों ने फोन पर बातचीत की। आखिरी बार दोनों के बीच जनवरी माह में बात हुई थी। हालांकि पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ने अभी तक इस बातचीत के संबंध में कोई बयान जारी नहीं किया है।

डॉन की रिपोर्ट में दावा किया गया कि अमेरिका द्वारा भी प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान को क्षेत्रीय स्थिरता के लिए सबसे बड़ा जिम्मेदार माना गया है।, पिछले कुछ महीनों से विशेष रूप से खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में आतंकवादी गतिविधियों में बढ़ोतरी हुई है।

थिंक टैंक पाकिस्तान इंस्टीट्यूट फॉर कॉन्फ्लिक्ट एंड सिक्योरिटी स्टडीज द्वारा जुलाई माह में एक रिपोर्ट जारी की गई थी। जिसमें कहा गया था कि इस वर्ष के पहली छमाही में आतंकवादी और आत्मघाती हमलों में लगातार वृद्धि हुई है। अलग-अलग हुए आतंकी घटनाओं में पाकिस्तान में तकरीबन 389 लोगों की जान चली गई थी।

इससे पहले सोमवार को अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने पाकिस्तान के साथ उन रणनीतियों पर काम करने की पेशकश की, जो सभी प्रकार के हिंसक चरमपंथ का मुकाबला करने में बेहतर सहायता कर सकें।



## खैबर पख्तूनख्वा में सैनिकों के साथ मुठभेड़ में 10 आतंकी ढेर,बड़े पैमाने पर हथियार और विस्फोटक बरामद

**रावलपिंडी,04 अक्टूबर 2023।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा के टैंक क्षेत्र में सुरक्षाबलों के जवानों के साथ गोलीबारी में 10 आतंकी मारे गए। पाकिस्तानी सैन्य मीडिया विंग ने इस घटना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मंगलवार को आतंकवादियों की उपस्थिति की जानकारी के आधार पर सेना के जवानों ने एक खुफिया ऑपरेशन चलाया था। इस ऑपरेशन के दौरान गोलीबारी में 10 आतंकी मौके पर ही मारे गए।

पाकिस्तानी सैन्य मीडिया ने कहा, ये आतंकी कई आतंकवादी गतिविधियों में शामिल थे, जिसमें सुरक्षाबलों पर हमला से लेकर जबरन वसूली और मासूम नागरिकों की हत्या भी शामिल है। इस ऑपरेशन के बाद सेना के जवानों ने बड़े पैमाने पर गोला-बारूद, हथियार और विस्फोटक बरामद किया।

पिछले साल नवंबर में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) द्वारा पाकिस्तान के साथ युद्धविराम खत्म करने की घोषणा के बाद से ही आतंकवादी गतिविधियों में वृद्धि हुई है। इसे देखते हुए पाकिस्तानी सैनिकों ने आतंकवादियों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। पाकिस्तान के कार्यवाहक गृह मंत्री सरफराज बुगती ने बताया कि इस साल पाकिस्तान में हुए 24 आत्मघाती हमलों में 14 अफगान नागरिकों द्वारा किए गए हैं।

# UN में चीन के खिलाफ मतदान करने की अपील, ह्यूमन राइट्स वॉच के निदेशक ने खोला मोर्चा

**बीजिंग,04 अक्टूबर 2023 ।** उइगर अल्पसंख्यकों पर अत्याचार और मीडिया की स्वतंत्रता कुचलने को लेकर मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने चीन की तीखी आलोचना की है। चीन में बड़े पैमाने पर मानवाधिकारों के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए ह्यूमन राइट्स वॉच चाइना के निदेशक सोफी रिचर्डसन ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों को चीन के खिलाफ वोट करना चाहिए। उन्होंने अपनी अपील में कहा कि सदस्यता पाने के लिए बिना कुछ सोचे चीन का समर्थन करने से पहले यूएन के सदस्य देशों को विचार करना चाहिए। सभी देशों को चीन के खिलाफ वोट करना चाहिए।



### चीन प्रताड़ित करने के लिए क्या करता है?

रिचर्डसन ने चीन के दमनकारी बर्ताव को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा, ऐसा लगता है कि बीजिंग में खराब मानवाधिकार रिकॉर्ड का मुद्दा उठाने वाले लोगों को सरकार विरोधी मानकर उनका गला घोंटने की इच्छा बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि चीन पत्रकारों और मानवाधिकार कार्यकर्ताओं को विदेशों में मनमाने ढंग से हिरासत में रखने की तक में होता है। मानवाधिकार की बात करने वाले कार्यकर्ताओं को घर पर जबरदस्ती रखे जाने की कोशिशों के अलावा उन्हें गायब करने और परेशान करने जैसी हरकतें भी होती हैं।

### क्या हासिल करने की ताक में है चीन?

एक रिपोर्ट के अनुसार चीन हांगकांग, तिब्बत और शिनजियांग में मानवाधिकार अपराधों को दबाने का प्रयास कर रहा है। चीन ने अपराधों की लंबी सूची को उजागर करने वाली सार्वजनिक गतिविधियों का बहिष्कार करने का आदेश दिया है। खबरों के अनुसार, चीन संयुक्त राष्ट्र के शीर्ष मानवाधिकार निकाय- यूएन मानवाधिकार परिषद में फिर से जगह बनाने के प्रयास कर रहा है।

### चीन शिनजियांग के मामले में यूएन सदस्यों से क्या बोला?

सितंबर में न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा की वार्षिक उच्च-स्तरीय बैठक हुई थी। इस सत्र के दौरान चीन के संयुक्त राष्ट्र मिशन ने यूएन के सभी सदस्य देशों को अटलांटिक काउंसिल, ह्यूमन राइट्स वॉच और एमनेस्टी इंटरनेशनल के इवेंट से दूर रहने को कहा था। चीन ने सभी देशों से शिनजियांग पर आयोजित एक साइड इवेंट के संदर्भ में ÷अपने मिशन को भाग न लेने का दृढ़ निर्देश÷ देने को कहा था।

### चीन में निशाने पर उइगर और अन्य तुर्क मुसलमान

ह्यूमन राइट्स वॉच चाइना के निदेशक ने बताया, चीन की अपील बेअसर हो गई जब यूएन के सदस्य देशों ने चीन के अनुरोध को नजरअंदाज कर दिया। सैकड़ों की संख्या में दर्शक शिनजियांग पर आयोजित इवेंट में पहुंचे। इसमें चीनी सरकार की तरफ से मानवाधिकारों का उल्लंघन, उइगर और अन्य तुर्क मुसलमानों को निशाना बनाने वाले अपराधों पर चर्चा हुई। चीन में फंसे पीड़ितों को मुक्त कराने के लिए संयुक्त राष्ट्र क्या एक्शन ले सकता है, इसके संभावित उपायों पर भी चर्चा हुई।

### हॉन्ग-कॉन्ग में भी छिन रही मीडिया की आजादी?

इन सबके बीच जेनेवा में चीन के यूएन मिशन की तरफ से संयुक्त राष्ट्र के सदस्यों को पत्र लिखा गया। इसमें अपील की गई है कि मानवाधिकार आयोग के साथ आयोजित समारोह में किसी भी तरह शामिल न हों। चीन ने कहा है कि वह मीडिया की स्वतंत्रता को कुचल रही हॉन्ग-कॉन्ग की सरकार के कारनामों को भी उजागर करेगा।

# ग्राम करंजी मानव श्रृंखला का निर्माण कर मतदाता जागरूकता का दिया संदेश









**- संवाददाता -**
**सूरजपुर,04 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।**

प्रेमनगर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत करंजी में मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत व जिला स्वीप नोडल अधिकारी सुश्री लीना कोसम, संयुक्त कलेक्टर एवं जिला उप निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रियंका वर्मा के निर्देशन में उच्चतर मा.वि. करंजी के छात्र-छात्राओं द्वारा ई.वी.एम, व्ही.व्ही. पैट एवं स्वीप सूरजपुर आदि आकृतियां प्रदर्शित की गई। विशाल मानव श्रृंखला का निर्माण करते हुए करंजी चौक से होते हुए रेलवे स्टेशन तक रैली का आयोजन कर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर जिला स्वीप सहायक नोडल अधिकारी श्रीमती लता बेक, विकासखण्ड स्वीप नोडल अधिकारी श्री सुनील पोर्ते, प्राचार्य बी.के.नंदी संस्था के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं महिला बाल विकास के सुपरवाइजर एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ-साथ सुदर्शन राजवाडे, अशोक गुप्ता, सुदर्शन दास, पुनीता राजवाड़े, यशोदा सोनी, संदीप बेहरा और जयराम प्रसाद (बी.पी.ओ. साक्षरता) सूरजपुर उपस्थित थे।

## जिला न्यायालय परिसर में प्राथमिक उपचार केन्द्र का हुआ शुभारंभ

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,04 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।**

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के आदेशानुसार बुधवार को जिला न्यायालय परिसर के न्याय सदन भवन में प्राथमिक उपचार केन्द्र का शुभारंभ जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम कुमार तिवारी, कलेक्टर कुन्दन कुमार, एसपी सुनील शर्मा के द्वारा फ़ीता काटकर किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मुख्य न्यायाधीश मजिस्ट्रेट एवं सचिव श्री नरेन्द्र कुमार ने बताया कि प्राथमिक उपचार केन्द्र में न्यायालय में उपस्थित होने वाले न्यायालयीन अधिकारियों, कर्म चारियों, अधिवक्ताओं व पक्षकारों को आवश्यकता अनुसार प्रारंभिक चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जायेंगी। जिसमें ब्लड प्रेशर, शुगर, ब्लड जांच व अन्य सुविधाएं प्रदान की जायेंगी,प्राथमिक उपचार केन्द्र प्रत्येक शासकीय कार्य दिवस पर समय 10.30 बजे से 05.00 बजे तक खुला रहेगा। प्राथमिक उपचार केन्द्र में चिकित्सा अधिकारी अपूर्व जायसवाल, ग्रामीण चिकित्सा अधिकारी मोहनी कश्यप एवं फॉर्मासिस्ट धर्मेन्द्र कुमार चौहान की नियुक्ति की गई है। शुभारंभ पश्चात् जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कलेक्टर, एसपी ने स्वयं ब्लड प्रेशर चेक कराया।



## 215 बालक-बालिका प्रतिभागियों ने अंतर महाविद्यालयीन स्पर्धा में दिखाएंगे जौहर



**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,04 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।**

राजमोहिनी देवी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र अंबिकापुर में उत्तर क्षेत्रीय अंतर महाविद्यालय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता 4 से 6 अक्टूबर तक चलेगा। मंगलवार को प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि महापौर डॉ. अजय कुमार तिर्की एवं अध्यक्ष डॉ. एसके सिन्हा अधिष्ठाता राजमोहिनी देवी कृषि महाविद्यालय रहे। इस प्रतियोगिता में 8 कृषि महाविद्यालय के 215 बालक-बालिका प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसमें विभिन्न प्रकार के खेल कबड्डी, खो-खो, बॉलीबॉल, टेबल टेनिस खेल एवं विभिन्न एथलेटिक्स का आयोजन होना है। इस दौरान कृषि महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.वीके सिंह, डॉ. डीके गुप्ता अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय कोरिया, डॉ. पीएस राठिया अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय प्रतापपुर एवं क्रीड़ा अधिकारी डॉ. एके नायक, कृषि महाविद्यालय के समस्त अधिकारी-कर्मचारी, टीम मैनेजर, निर्णायक टीम उपस्थित रहे।

## अस्पताल बंद रहने के कारण सडक़ दुर्घटना में घायल महिला का नहीं हो सका इलाज, दूसरे दिन हो गई मौत

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,04 अक्टूबर 2 023 (घटती-घटना)।**

अस्पताल बंद रहने के कारण सडक़ दुर्घटना में घायल महिला का इलाज नहीं हो सका। कोई साधन नहीं मिलने पर परिजन उसे घर ले गए। दूसरे दिन उसकी तबियत ज्यादा बिगड़ गई। परिजन ने उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाए। यहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने वृद्धा को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार रतिया सांडिल्य पति बैगा गोड़ उम्र 60 वर्ष राजपुर थाना क्षेत्र के,गाम परसबार कला की रहने वाली थी। सडक़ पार करने के दौरान 2 अक्टूबर को बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दिया था। इससे महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई थी। परिजन ने महिला को इलाज के लिए केरता अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां अस्पताल बंद रहने के कारण महिला का इलाज नहीं हो सका। कोई साधन नहीं मिलने पर परिजन उसे घर वापस ले गए। दूसरे दिन महिला की तबियत ज्यादा बिगड़ गई तो उसे निजी वाहन से इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया। यहां चिकित्सकों ने जांच के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया।

## कलेक्टर कुन्दन कुमार ने मोहन गुप्ता को सेवानिवृत्ति पर सौंपा पेंशन भुगतान आदेश



### शाल श्रीफल प्रदान कर किया सम्मानित

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,04 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।**

कलेक्टर कुन्दन कुमार द्वारा बुधवार को शासकीय सेवक मोहन कुमार गुप्ता की सेवानिवृत्ति 30 सितंबर 2023 की स्थिति में सेवानिवृत्त होने पर शासकीय सेवक को पेंशन भुगतान आदेश (पी.पी.ओ./जी.पी.ओ.) पुष्प गुच्छ एवं शाल श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने सेवानिवृत्त शासकीय सेवक मोहन प्रसाद गुप्ता को उनकी सेवा के लिए धन्यवाद दिया।

कोष लेखा एवं पेंशन के संभागीय संयुक्त संचालक के द्वारा यह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर के मार्गदर्शन में सेवानिवृत्ति तिथि के साथ ही पेंशन प्राधिकार पत्र जारी किए जाने की विशेष पहल की जा रही है। इस अवसर पर कोषालय अधिकारी श्री अनिल सिन्हा एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्री संजय गुहे भी उपस्थित रहे।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के 5 पदों हेतु आवेदन आमंत्रित

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,04 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।**

एकीकृत बाल विकास परियोजना दरिमा अम्बिकापुर-2 के परियोजना अधिकारी ने बताया कि बाल विकास परियोजना दरिमा के अंतर्गत रिक्त आंगनबाड़ी केन्द्रों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के रिक्त 5 पदों हेतु खुली भर्ती से नियुक्ति की जाएगी। उक्त पदों हेतु आवेदन पत्र 13 अक्टूबर 2023 तक आमंत्रित किये गये हैं। रिक्त पदों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 03 पद हेतु नगर पंचायत नवापारा कला के आंगनबाड़ी केन्द्र टिकलीसराई, कुनियाकला के आंगनबाड़ी केन्द्र चारपारा तथा करजी के आंगनबाड़ी केन्द्र नगेसियापारा में भर्ती की जा रही है तथा सहायिका के 02 पद हेतु ग्राम पंचायत करजी के आंगनबाड़ी केन्द्र भुरकुण्डपारा एवं कुनियाकला के आंगनबाड़ी केन्द्र चारपारा में भर्ती की जा रही है।

# क्या बैकुंठपुर विकासखंड बना अविश्वास प्रस्ताव का इतिहास रचने वाला विकासखंड?

### अब विकासखंड में कब कौन सरपंच हो जाए अविश्वास प्रस्ताव के आघात का शिकार कह नहीं सकते

### कटकोना ग्राम पंचायत के अविश्वास प्रस्ताव की वोटिंग में 6 घंटे फंसी रही रिटर्निंग ऑफिसर

### अविश्वास प्रस्ताव की वोटिंग के लिए तीन दिन पहले ही सरपंच को मिला जारी हुआ नोटिस

**क्या षड्यंत्र के तहत 3 दिन पहले दिया गया नोटिस जिससे अपील करने का ना मिले सरपंच को मौका?**

**रात के 11 बजे तक चला ड्रामा,एसडीएम बैकुंठपुर के आने बाद मामला हुआ शांत**

**एसडीएम ने दिया दोबारा वोटिंग कराने का आश्वासन**

**राजनीतिक दबाव में हो रहा था अविश्वास प्रस्ताव का खेल,गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने भी किया इसका विरोध**

**जनता द्वारा सीधे चुने गए सरपंचों के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को लेकर भी जाना जायेगा बैकुंठपुर विधानसभा का यह कार्यकाल।**

**पहली बार कई सरपंचों के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव,बैकुंठपुर विकासखंड में कई सरपंचों के खिलाफ लाया जा चुका अविश्वास प्रस्ताव**

**कई पंचायतों में सरपंचों ने बचा ली अपनी कुर्सी,कई जगह कुर्सी भी गवानी पड़ी कई सरपंचों को**





-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर,04 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

जिले के जनपद पंचायत बैकुंठपुर के ग्राम पंचायत कटकोना में अविश्वास प्रस्ताव की वोटिंग कराने पहुंची रिटर्निंग अफसर द्वारा अविश्वास प्रस्ताव के दौरान हुई वोटिंग की जानकारी नही देने को लेकर बवाल मच गया, शाम 6 बजे से 10.30 बजे रात तक महिला सरपंच और पंच उनकी कार के सामने जमीन पर बैठ गए, एसडीएम बैकुंठपुर मौके पर पहुंची तब जाकर दोबारा वोटिंग के आश्वासन के बाद मामला शांत हुआ और रिटर्निंग अफसर वहां से जा पाई वही पंचायत सचिव शाम 6 बजे ही कार्यवाही पंजी लेकर घर निकल गया।

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत कटकोना में 21 पंच है और आज अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग होना था, धारा 40 की कार्यवाही करने तहसीलदार पटना को रिटर्निंग अफसर नियुक्त कर भेजा गया था, वोटिंग हुई, सरपंच का कहना है कि 2 तिहाई मत नही होने के कारण अविश्वास प्रस्ताव गिर गया, उनका कहना है 3 मत निरस्त हुए और 5 उनके साथ थे, 13 मत ही विपक्ष में थे, पर रिटर्निंग अफसर इसकी जानकारी नही दे रही थी जिसकी मांग को लेकर वो उनकी कार के सामने बैठी रहीं, सचिव उनकी बात नही सुनता और कार्यवाही पूरी हुई नही कार्यवाही रजिस्टर लेकर अपने घर चला गया। वही मामले की जानकारी होने के बाद काफी संख्या में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए, प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर संजय कमरो ने कलेक्टर को मामले की जानकारी दी, जिसके बाद एसडीएम अंकिता सोम मौके पर पहुंची, मामले की जानकारी रिटर्निंग अफसर से लेकर उन्होंने सरपंच को अविश्वास प्रस्ताव के लिए नई डेट देने का आश्वासन दिया जिसके बाद वहां उपस्थित लोगों ने ताली बजाकर निर्णय का स्वागत किया, जिसके बाद 6 घण्टे से लोगों के बीच फंसी रिटर्निंग अफसर वहां से निकल सकीं। मामले में सरपंच ने कई गंभीर आरोप लगाए और पूरी प्रक्रिया को अविश्वास प्रस्ताव के दौरान की को लेकर उन्होंने सवाल उठाए और मामले को राजनीति से प्रेरित बताया।

### कोरिया का बैकुंठपुर विधानसभा या विकासखंड में सरपंचों के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को लेकर जाना जायेगा यह पंचवर्षीय विधानसभा का कार्यकाल

कोरिया जिला कहें बैकुंठपुर विधानसभा कहें या विकासखंड बैकुंठपुर कहें जारी पंचवर्षीय विधानसभा कार्यकाल यहां के लिए सरपंचों के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को लेकर जाना जायेगा। विगत पांच वर्षो में कई जनता द्वारा सीधे निर्वाचित सरपंचों के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का मामला सामने आया। इस दौरान कई में सरपंचों को कुर्सी गंवानी पड़ी वहीं कई में सरपंचों ने कुर्सी बचा ली। वैसे इन पांच सालों में किस सरपंच के खिलाफ कब अविश्वास का मामला सामने आ जाए इसको लेकर संशय बना ही रहा। कटकोना सरपंच का मामला भी उन्हीं में से एक है,जिसमे उनकी कुर्सी बची है या चली गई यह आने वाले समय में पता चल सकेगा।

### सरपंच संघ भी सरपंचों के खिलाफ लगातार आ रहे अविश्वास प्रस्ताव को लेकर मौन साधे बैठा है,क्या संघ का गठन मात्र पद प्रतिष्ठा मात्र के लिए किया गया है?

बैकुंठपुर विकासखंड में विगत पांच वर्षो के दौरान कई ग्राम पंचायत सरपंचों के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का मामला सामने आया है। इस दौरान कई सरपंच कुर्सी गवां भी चुके हैं कई कुर्सी बचा भी चुके हैं। वहीं जब जब सरपंचों के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया तब तब सरपंच कहीं न कहीं मजबूर और बिना नेतृत्व या बिना संगठित नजर आए जबकि जिले में बकायदा सरपंच संघ का गठन है जिसका काम सरपंचों के हितों की सुरक्षा करना है। सरपंच संघ किसी भी मामले में खुलकर सामने आया हो लगता नहीं है और यदि आया भी है तो वह बहुत ज्यादा देर सरपंचों के साथ खड़ा नजर आया हो कभी नजर नहीं आया। यह सबकुछ देखकर कहा जा सकता है की सरपंच संघ सरपंचों के हितों को लेकर गंभीर कभी नहीं रहा जबकि उसका गठन सरपंचों के हितों की सुरक्षा के लिए हुआ है। वैसे संघ पद प्रतिष्ठा साबित करने के लिए गठित है ऐसा भी अब वह सरपंच कह रहे हैं जिनके खिलाफ अविश्वास का खेल खेला जा रहा है और जिन्हे संघ का साथ नहीं मिल रहा है।

### कटकोना ग्राम पंचायत सरपंच के खिलाफ लाया गया अविश्वास राजनीति से प्रेरित अविश्वास प्रस्ताव,गोंडवाना गणतंत्र पार्टी

कटकोना सरपंच के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव राजनीति से प्रेरित अविश्वास प्रस्ताव था सरपंच पर किसी तरह का कोई मनमानी करने का आरोप नहीं है यह गोंडवाना गणतंत्र पार्टी का कहना है। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने मामले में हस्तक्षेप करने की बात कहते हुए कहा की कटकोना सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव राजनीतिक वजहों से एक राजनीतिक दल के द्वारा लाया गया अविश्वास प्रस्ताव है। सरपंच पर लगाए गए आरोप निराधार हैं।

## आखिरकार जिंदगी की जंग हार ही गए पुलिस आरक्षक रंजन सिंह

### हृदय रोग से ग्रसित थे रंजन सिंह, बेंगलुरु अस्पताल में ली उन्होंने अंतिम सांस, गुरुवार को बैकुंठपुर मुक्ति धाम में होगा अंतिम संस्कार



-संवाददाता-
बैकुण्ठपुर,04 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

बलरामपुर जिले में पदस्थ साथ ही कोरिया जिला निवासी पुलिस आरक्षक रंजन सिंह का निधन 2 अक्टूबर रात 9ः00 बजे नारायणा इंस्टिट्यूट ऑफ़ कॉर्डियल साइंस अस्पताल बेंगलुरु में हुआ। हृदय रोग से पीड़ित आरक्षक रंजन सिंह पिछले 5 महीने से इस बीमारी से लड़ रहे थे।

मिली जानकारी के अनुसार आरक्षक रंजन सिंह पिता बबन सिंह उम्र 45 वर्ष, निवासी बैकुंठपुर बलरामपुर जिले में आरक्षक पद पर पदस्थ थे और बलरामपुर थाना के गणेशमोर चौकी में इनकी पदस्थापना थी इस दौरान अप्रैल महीने में उनकी अचानक उनकी तबीयत बिगड़ी और इन्हें रायपुर भर्ती कराया गया जहां जांच में डॉक्टरों ने उन्हें हृदय रोग से पीड़ित बताया, स्थिति गंभीर होने की वजह से उन्हे एनएच नारायणा इंस्टीट्यूट आफ कॉर्डियल साइंस अस्पताल बेंगलुरु ले जाया गया जहां इनका इलाज चल रहा था पिछले 5 महीने से यह इस बीमारी से लड़ रहे थे अचानक 2 अक्टूबर को उनकी तबीयत ज्यादा बिगड़ी और रात 9ः00 बजे इनका निधन हो गया वहां पर उपस्थित डॉक्टरों ने उनके निधन की खबर उनके परिजनों को दी जिसके बाद क्षेत्र में शोक का लहर फैल गई है। अस्पताल से उनका पार्थिव शरीर बैकुंठपुर उनके गृह निवास लाया जा रहा है जहां 5 अक्टूबर को बैकुंठपुर के मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया जाएगा। उनके निधन से उनके पूरे परिवार में दुख का पहाड़ टूट चुका है वही उनके जाने से उनकी पत्नी व दो छोटे बच्चों के लिए भी समस्या खड़ी हो गई है।

## अ.भा.पत्रकार सुरक्षा समिति की प्रदेश स्तरीय बैठक राजधानी में सम्पन्न हुई

### पत्रकार सुरक्षा कानून पूर्ण रूप से छत्तीसगढ़ में लागू हो उसके लिए रायपुर में आंदोलन की रूपरेखा बनाई गई

### अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति का प्रदेश स्तरीय विस्तार किया गया

### पत्रकार सुरक्षा का अधूरा कानून बनाने को लेकर अ.भा.पत्रकार सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न





-संवाददाता-
सूरजपुर/ रायपुर,04 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा पत्रकार संगठन अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति की छत्तीसगढ़ इकाई की एक दिवसीय बैठक राजधानी रायपुर में 2अक्टूबर को सम्पन्न हुई बैठक में संगठन ने पहले सेशन में पत्रकार सुरक्षा कानून को लेकर चर्चा की गई और उसके बाद दूसरे सेशन में संगठन का विस्तार किया गया।

छत्तीसगढ़ में पत्रकार सुरक्षा कानून पूर्णरूप से जल्द लागू हो उसके लिए रायपुर के बैठक में आंदोलन की रूपरेखा बनाई जाएगी और इस कानून में जो पत्रकार हित के मुद्दे छूट गए ही उनको भी शामिल किए जाने प्रयास भी किया जायेगा संगठन की प्रदेश स्तरीय बैठक में प्रदेश के कई जिलों से पदाधिकारी अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए पत्रकार हित के मुद्दो में अपना अपना पक्ष रखा जिसमे सबसे पहले राज्य में पत्रकार सुरक्षा कानून जो अधूरा जान पड़ता हैं उसमे एमिटमेंट करने की आवश्यकता महसूस की गई पत्रकारों के पक्ष के ऐसे बहुत सी बाते इस कानून में नही जोड़ी इस कानून से ऐसा लग रहा है की सरकार एवम प्रशासन दोनो मिलकर पत्रकारों पर शिकंजा कसने का कार्य कर रहे है जिसके फलस्वरूप इसमें बहुत सी बातों का जिक्र नही है जिससे पत्रकार स्वतंत्र रूप से पत्रकारिता कर सके इसलिए इस कानून में बहुत से बदलाव की जरूरत है। अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति छत्तीसगढ़ में संगठन का विस्तार को लेकर भी चर्चा की गई जिसमे पूर्व की प्रदेश एवम जिलों की समीतियो को भंग कर नए सिरे से समिति का विस्तार किया गया जिसमे प्रदेश कार्यकारणी,जिले की कार्यकारणी का गठन किया गया ।इस बैठक में राष्टीय पदाधिकारी श्री राकेश प्रताप सिंह परिहार,राष्ट्रीय महासचिव महफूज खान,प्रदेश संयोजक कमलेश स्वर्णकार, की सहमति से प्रदेश अध्यक्ष गोविंद शर्मा के द्वारा संघ का विस्तार किया गया जिसमे उपाध्यक्ष- पुष्पा रोकड़े ,दीपक साहू,राजेश यादव, डी पी गोस्वामी, प्रवीण निशी, सचिव - नाहिदा कुरैशी,क्रांति रावत,राकेश तांबोली,विनोद नेताम,शैलेंद्र सिंह,आनंद साहू,प्रदेश कोषाध्यक्ष उत्पलसेन गुप्ता,प्रदेश संगठन मंत्री - सिकंदर खान,रामेश्वर प्रसाद वैष्णव,अमित संतवानी सहसचिव - कोशलेंद्र यादव,नरेंद्र चौबे,गोविन्द तिवारी,इसके अलावा रायपुर जिलाध्यक्ष - प्रेम सोनी,कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश चंद्र,दुर्ग जिलाध्यक्ष - धर्मेंद्र गुप्ता,कांकेर जिलाध्यक्ष - मनोज जायसवाल, खेरागढ़ जिलाध्यक्ष- अरुण भारद्वाज, सुकमा जिलाध्यक्ष - ज्ञानवती भदौरिया,बालोद जिलाध्यक्ष कृष्णा गंजीर,कोरबा जिलाध्यक्ष- अरुण शेंडे कोरबा संयोजक अजय राय, कोरबा संरक्षक हरीराम चौरसिया,नवरत्न शर्मा रायगढ़ जिलाध्यक्ष, सुशील बखला अम्बिकापुर जिलाध्यक्ष,राजेश सोनी सूरजपुर जिलाध्यक्ष, सुरजीत रैना मनेंद्रगढ़ जिलाध्यक्ष, नरेश चौहान सारंगढ़ जिलाध्यक्ष, ज्ञानेश तिवारी गरियाबन्द जिलाध्यक्ष, पद पर मनोनीत किया गया इसके अलावा बैठक में प्रदेश से संगठन के पत्रकार शामिल हुए।

## तीन आरोपियों से पुलिस ने लगभग 6 लाख की अंग्रेजी शराब की जप्त

### अवैध अंग्रेजी शराब के विरूद्ध थाना सिटी कोतवाली मनेन्द्रगढ़ की बड़ी कार्यवाही




-संवाददाता-
मनेन्द्रगढ़,04 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

अवैध अंग्रेजी शराब के विरूद्ध थाना सिटी कोतवाली मनेन्द्रगढ़ द्वारा बड़ी कार्यवाही की गई है, तीन आरोपियों से पुलिस ने लगभग 6 लाख की अंग्रेजी शराब जप्त की है, पुलिस महानिरीक्षक एवं पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मिली बड़ी सफलता में मध्यप्रदेश से शराब तस्करी करने वाले तीन व्यक्ति पुलिस के गिरफ्त में हैं. बिजुरी, मध्यप्रदेश से अग्रेजी गोवा शराब पीकप क्रमांक यूपी 64 बीटी 1910 में परिवहन करने वाले आरोपियों के विरूद्ध धारा 34 (2) आब0 एक्ट के तहत की कार्यवाही की गई है।

पकडे गये आरोपियों में सौरभ साहू पिता गया साहू उम्र 26 वर्ष निवासी लुण्ड्रा थाना लुण्ड्रा जिला सरगुजा,ईश्वर घसिया उर्फ मातेन पिता धनेलाल उम्र 25 वर्ष निवासी लुण्ड्रा थाना लुण्ड्रा जिला सरगुजा (छ0ग0) व सुरज कुमार प्रजापति पिता लोभन प्रजापति उम्र 24 वर्ष निवासी लुण्ड्रा थाना लुण्ड्रा जिला सरगुजा (छ0ग0)के विरुद्ध कार्यवाही की गई है। आरोपियों के कब्जे से पीकप टाटा योद्धा 1700 क्रमांक . P. 64 बी. टी. 1910 कीमती 8,00,000 रूपये,100 पेटी में गोवा अंग्रेजी शराब में प्रत्येक पेटी में 50-50 नग 180-180 एम. एल. गोवा अंग्रेजी शराब लगभग 900 लीटर कीमत 6,00,000 रूपये, सब्जी वाला कैरेट 60 नग कीमती 5000 रूपये कुल रकम 14,05,000 रूपये,जप्त किया गया है।

पुलिस महानिरीक्षक अंकित गर्ग, एवं पुलिसअधीक्षक मने0चिर0भर0 (छ.ग.) सिद्वार्थ तिवारी के मार्गनिर्देशन में अति. पुलिस अधीक्षक निमेश बरैया, एवं अनु. विभागीय अधिकारी पुलिस राकेश कुर्रे के नेतृत्व में विधानसाम चुनाव को लेकर अवैध मादक पदर्थ के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था, जिसके तारतम्य में थाना सिटी कोतवाली मनेन्द्रगढ़ के मुखबीर द्वारा सुचना मिलने पर अलग अलग सरहदी थाना चौकी वालो के साथ घेरा बंदी कर ग्राम घुटरा में बिजुरी म.प्र. से आने वाली पीकप वाहन युपी 64 वीटी 1910 को चेक किया गया.पीकप में बैठे व्यक्तियो का नाम पता पुछने पर अपना नाम सौरभ, सुरज, ईश्वर बताए जब ट्रॉली को चेक किया गया, सब्जी वाले केटर के नीचे ढका 100 पेटी गोवा अंग्रेजी शराब मिला जिससे आरोपी को अंग्रेजी शराब परिवहन करने, विकी करने, रखने का पास परमिट पेश करने को बोला गया। जो पास परमिट पेश नहीं करने पर आरोपियों को गिरफ्तार कर थाना लाया गया आरोपियों को रिमांड पर भेजा गया है। सम्पूर्ण कार्यवाही में सिटी कोतवाली प्रभारी, उप निरीक्षक आर. एन. गुप्ता, सउनि दिनेश चौहान, प्र. आर. जुनास एक्का, आरक्षक पुष्कल सिन्हा, प्रिन्स राय, हफिज मोहम्मद कुरैशी शंभू नाथ यादव, ललित यादव, नीरज पढ़ियार, दीप तिवारी, प्रदीप लकड़ा, रवि सिंह, हरेन्द्र कुशवाहा, नोहर सिंह, राजकुमार सेन, राधेश्याम कुर्रे, आदित्य कुर्रे, ज्ञानेश्वर राजवाडे, सैनिक रोहित सिंह, इंजय सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### 15 अक्टूबर रविवार को समाज के पित्र पुरुष महाराजा श्री अग्रसेन जी की जयंती समारोह का होगा आयोजन

-संवाददाता-
मनेन्द्रगढ़,04 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

अग्रवाल सभा, मारवाड़ी युवा मंच तेजस्विनी शाखा मनेन्द्रगढ़ जिला मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर के तत्वावधान में श्री श्री 1008 भगवान श्री अग्रसेन महाराज की जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है, 15 अक्टूबर को होने वाले आयोजन को लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं, उक्ताशय की जानकारी देते हुए अग्रवाल सभा के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल (बंटी) ने बताया कि आगामी 15 अक्टूबर रविवार को समाज के पित्र पुरुष महाराजा श्री अग्रसेन जी की जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है. इस मौके पर समाज के नन्हे मुन्ने बालक बालिकाओं युवकों एवं महिलाओं हेतु विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है. पूजन कार्यक्रम 15 अक्टूबर 2023 रविवार को शाम 7ः00 से होगा. इसी कड़ी में बीते 1 अक्टूबर से कई प्रतियोगिता प्रारंभ हो चुकी हैं जिसमें बकेट बाल प्रतियोगिता, कुर्सी दौड़, गिनती लिखो, गमला डेकोरेशन प्रतियोगिता विभिन्न वर्गों में आयोजित हो चुकी है. आगामी 7अक्टूबर को पेपर से कैरी बैग बनाओ,ड्राइंग,चैलेंज योर मेमोरी, एक मिनट गेम जोड़ी से प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी. आगामी 8 अक्टूबर रविवार को चैलेंज योर मेमोरी पल्लू रंगोली, बहू और बेटी द्वारा मां का श्रृंगार, लिफाफा बनाओ तथा मटका फोड़ प्रतियोगिता होगी. 13 अक्टूबर को फैंसी ड्रेस जोड़े से, ग्रुप डांस, महिला डांस प्रतियोगिता समेत अन्य के प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा. इसी कड़ी में आगामी 19 अक्टूबर गुरुवार को शाम 7ः00 बजे से रात्रि 11:00 बजे तक होटल हसदेव इन में गरबा नृत्य का भी आयोजन किया जाएगा।

# छत्तीसगढ़ी गायिका को अपशब्द कहने पर फूंका विधायक का पुतला



-राजेन्द्र शर्मा-
खड़गवां,04 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

ग्राम पंचायत बरदर में विधायक विनय जायसवाल द्वारा सुप्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी गायिका श्रीमती जिया रानी एवं छत्तीसगढ़ी लोक कलाकारों के कार्यक्रम को अपशब्द कहे जाने पर आयोजन समिति के द्वारा विधायक का पुतला दहन करके विरोध प्रदर्शन दर्ज किया गया।

ज्ञात हो कि 30 सितंबर को ग्राम पंचायत बरदर में स्थानीयजनों के द्वारा 4 दिवसीय कब्बड्डी प्रतियोगिता के समापन अवसर पर सुप्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी गायिका श्रीमती जिया रानी का कार्यक्रम चौरा म गोंदा का आयोजन किया गया था। जिसमें खड़गवां पुलिस को भी सूचना दी गई थी। जहां हजारों की संख्या में ग्रामीण महिला पुरूष व बच्चें उपस्थित रहे। जिसमें सुरक्षा व्यवस्था हेतु खड़गवां पुलिस कार्यक्रम में उपस्थित भी रही। लेकिन विधायक विनय जायसवाल के द्वारा यह कह कर प्रचारित किया गया कि ग्राम पंचायत बरदर में बार बालाओं का अश्लील डांस हुआ। जिसके बाद खड़गवां जनपद क्षेत्र के स्थानीय लोगों में काफी रोष का माहौल व्याप्त हो गया। ग्राम पंचायत के आयोजन समिति के द्वारा ग्राम पंचायत बरदर में विधायक विनय जायसवाल द्वारा छत्तीसगढ़ की स्थानीय बेटियों को बार-बाला और सुप्रसिद्ध गायिका श्रीमती जिया रानी का अपमान माना है। इसके लिए स्थानीयजनों ने विधायक के बयान के विरोध में नारेबाजी करते हुए ग्राम पंचायत बरदर में पुतला दहन कर उनके खिलाफ अपना विरोध दर्ज किया गया। इस दौरान सरपंच धरम पाल सिंह, भागवत सिंह सोनी, रंजित सिंह, किसान मित्र राजेंद्र साहू, सोन साय, पीतांबर, राम निवाज, उप सरपंच शिवपुर शिव कुमार, रघुवंश, नंदू साहू, राजेश्वर, हरवंश साहू, मोतीलाल, नंद कुमार सिंह श्याम, बलदेव, अजय, अशोक, आशीष, सुरेश, जय प्रकाश, लाल बहादुर सिंह, बलभद्र सिंह, राम सुंदर, रवि शंकर, सोन साय, नरबदा प्रसाद, राम करन, अरविंद साहू, सकिंद्र कुमार, सोनू, मिथुन, दलबीर, राम प्रताप, नहर सिंह सहित काफी संख्या में ग्राम पंचायत बरदर के स्थानियजन उपस्थित रहे।

## छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम आज से नहीं कई दशकों से हो रहा है...छत्तीसगढ़ लोक कलाकारों एवं बेटियों को अपशब्द कहा है विधायक ने माफी मांगेःसरपंच

ग्राम पंचायत बरदर के सरपंच धरमपाल सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ी लोक कलाकारो के द्वारा आज कई दशकों से सांस्कृतिक कार्यक्रम विभिन्न पंचायतों में आयोजित होते रहे है। हमारे कार्यक्रम में पुलिस प्रशासन भी मौजूद रहा और हजारों की संख्या में ग्रामीणजन महिला पुरूष व बच्चें उपस्थित रहे। यदि किसी भी तरह की काई गलत आयोजन होता तो पुलिस प्रशासन क्या उसे रोकती नहीं? पूर्व विधायक श्याम बिहारी जायसवाल का जन्म दिवस होने पर हमारे स्थानीयजनों के द्वारा उनका केक काटकर जन्म दिन मनाया गया था। कार्यक्रम की प्रस्तुति छत्तीसगढ की सुप्रसिद्ध गायिका श्रीमती जिया रानी के द्वारा प्रस्तुत किया गया। श्रीमती जिया रानी छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध कलाकार श्रीमती किस्मत बाई की बेटी है। और उनकी टीम में शामिल सभी कलाकार छत्तीसगढ़ के स्थानीय बेटिया है। उनको बार-बाला के साथ ही अश्लील कहना विधायक विनय जायसवाल द्वारा काफी निंदनीय है। विधायक विनय जायसवाल ग्रामीण क्षेत्र में अपनी खत्म हो चुकी लोकप्रियता के कारण अर्नगल बयान बाजी करके ग्रामीणजनों को बदनाम करने का काम कर रहे है। इस तरह के उनके बयान के लिए हम सभी ग्रामवासी उनसे मांग करते हैं कि वे सार्वजनिक रूप से छत्तीसगढ़ की बेटियों और जिया रानी से माफी मांगे।वैसे मैं बताना चाहता हूं की जिया रानी का ही कार्यक्रम छत्तीसगढ़ सरकार के संस्कृति विभाग पंजीयन करा कर खड़गवां क्षेत्र में कई पंचायतों में कराया जा चुका है और विधायक उनके कार्यक्रमों में खुद शामिल हुए है। जिसमे कांग्रेस सरकार के द्वारा ही उनके कार्यक्रमों में लाखो रुपए का भुगतान किया जाता रहा है।

# एनटीपीसी ने कोयला उत्पादन और प्रेषण में उल्लेखनीय वृद्धि की दर्ज

-संवाददाता-
कोरबा,04 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

भारत के अग्रणी एकीकृत बिजली उत्पादक, एनटीपीसी लिमिटेड ने पिछले वर्ष इसी अवधि की तुलना में वित्त वर्ष 2023-24 की पहली छमाही के दौरान अपनी कैप्टिव खदानों से कोयला उत्पादन में 83त्न की पर्याप्त वृद्धि दर्ज की है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024 की पहली छमाही के दौरान 16.05 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) का प्रभावशाली कोयला उत्पादन हासिल किया, जबकि वित्त वर्ष 23 की पहली छमाही में यह 8.76 एमएमटी था। इसके अलावा एनटीपीसी ने वित्त वर्ष 23-24 की पहली छमाही में 17.20 एमएमटी का कोयला प्रेषण भी हासिल किया है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 94त्न की महत्वपूर्ण वृद्धि दर्शाता है। यह उत्कृष्ट प्रदर्शन एनटीपीसी की अपनी कैप्टिव खदानों से कोयला उत्पादन बढ़ाने और देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए कुशल आपूर्ति सुनिश्चित करने की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। अब तक, एनटीपीसी ने अपनी चार परिचालन कैप्टिव कोयला खदानों यानी झारखंड में पकरी, बरवाडीह और चट-बरियातु कोयला खदान, ओडिशा में दुलंगा कोयला खदान और छत्तीसगढ़ में तलाईपल्ली कोयला खदान से लगभग 85+ मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) कोयले का उत्पादन किया है। अप्रैल 2023 में केरेन्डारी खदान से आगे खदान संचालन भी शुरू हो गया है और चालू वित्त वर्ष में कोयला उत्पादन शुरू होने की उम्मीद है। एनटीपीसी का कैप्टिव कोयला खनन उसके बिजली उत्पादन व्यवसाय को ईंधन सुरक्षा प्रदान करने के लिए पिछड़े एकीकरण पहल में रणनीतिक रूप से फिट बैठता है। कोयला उत्पादन में निरंतर वृद्धि हासिल करने के लिए, एनटीपीसी ने कई रणनीतियों और प्रौद्योगिकियों को लागू किया है। इनमें कठोर सुरक्षा उपायों को अपनाना, बेहतर खान योजना, उपकरण स्वचालन, कार्यबल प्रशिक्षण और निरंतर निगरानी और विश्लेषण प्रणालियों का कार्यान्वयन शामिल है। इन पहलों ने संचालन को अनुकूलित करने, उत्पादकता बढ़ाने और कार्यबल की सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एनटीपीसी राष्ट्र को विश्वसनीय और टिकाऊ बिजली प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। कोयला उत्पादन और प्रेषण में यह उल्लेखनीय वृद्धि परिचालन उत्कृष्टता के प्रति एनटीपीसी के समर्पण और भारत की ऊर्जा मांगों को पूरा करने में उसके योगदान का प्रमाण है। कंपनी अपने प्रदर्शन को और बेहतर बनाने और देश के ऊर्जा लक्ष्यों का समर्थन करने के लिए नवीन प्रौद्योगिकियों और टिकाऊ प्रथाओं का पता लगाना जारी रखेगी। एनटीपीसी लिमिटेड भारत की सबसे बड़ी एकीकृत बिजली उपयोगिता है, जो देश की बिजली आवश्यकता का 1/4 योगदान करती है। थर्मल, हाइड्रो, सौर और पवन ऊर्जा संयंत्रों के विविध पोर्टफोलियो के साथ, एनटीपीसी देश को विश्वसनीय, सस्ती और टिकाऊ बिजली प्रदान करने के लिए समर्पित है। कंपनी सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाने, नवाचार को बढ़ावा देने और हरित भविष्य के लिए स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों को अपनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# ग्राम पंचायतों में ठेकेदार करा रहे निर्माण कार्य

## गुणवत्ता को किया जा रहा दरकिनार और जेब भरने का चल रहा है खेल



-राजेन्द्र शर्मा-
खड़गवां,04 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

कोरिया जिले एवं एमसीबी जिले के खड़गवां विकासखण्ड अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतो में चल रहे निर्माण कार्यों में ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के अनुविभागीय अधिकारी की संलिप्तता से नकारा नहीं जा सकता है जिसका प्रमाण खड़गवां मुख्य मार्ग पर राजेन्द्र यादव के घर के सामने लाखों रुपए के रिटर्निंग वाल और सूचना पटल प्रमाणित कर रहे हैं।

क्योंकि ग्राम पंचायतों में ठेकेदारी हावी है ग्राम पंचायत में ठेकेदारी करने वाले ठेकेदार ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के अधिकारी ही इस्टीमेट तैयार कराते हैं ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के अनुविभागीय अधिकारी से टी एस भी कराते हैं ये सब प्रक्रिया पूर्ण कराकर ही निर्माण कार्य कि स्वीकृति भी ठेकेदार के द्वारा कराई जाती है और निर्माण एजेंसी ग्राम पंचायत तो सिर्फ और सिर्फ सील और सिक्का लगाने तक ही सिमित रहती है ।अब सवाल उठता है कि ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों के द्वारा निमार्ण कार्य का निरीक्षण नहीं किया जाता है? ये अधिकारी निरीक्षण क्यों करें इनके द्वारा ही तो निर्माण कार्यों का इस्टीमेट अधिक से अधिक राशि का इस्टीमेट तैयार किया जाता है और ठेकेदार के द्वारा गुणवत्ता विहीन सामाग्री एवं बिना मापदंड के धड़ल्ले से अधिकारियों के सह पर निर्माण कार्य किया जाता है। अगर निर्माण कार्य में किसी ने शिकायत की या निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर प्रश्नचिन्ह लगा रहा है तो ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के अधिकारी उस ठेकेदार को तत्काल उसके मुंह बंद करने के लिए दबाव बनाते हैं ठेकेदार से अधिकारी द्वारा ये भी कहा जाता है की कुछ पैसे ले देकर मिपटाओ सूत्रों से ये भी जानकारी मिल रही है इस तरह ग्रामीण यांत्रिकी विभाग में पदस्थ अधिकारी निर्माण कार्यों में कर रहे हैं हिस्से दारी।

### ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के अधिकारी इसलिए नहीं करते निर्माण कार्यों का निरीक्षण

क्योंकि इन्हीं अधिकारियों को निर्माण कार्य का मेजरमेंट करना है इन्हीं को सत्यापन भी करना है इसलिए ठेकेदार के द्वारा किया गया निर्माण कार्य का मेजरमेंट 100 प्रतिशत पूरा किया जाता है और यही निर्माण कार्य अगर निर्माण एजेंसी स्वयं निर्माण कार्य कराए तो उसके अच्छे गुणवत्ता युक्त निर्माण कार्य की राशि के मेजरमेंट की राशि में कटौती कर दी जाती है। और निर्माण कार्य में कई कमियां भी निकाली जाती है इस तरह निर्माण एजेंसी को परेशान किया जाता है जिससे निर्माण एजेंसी निर्माण कार्यों को ना करें और ठेकेदारी प्रथा हावी रहे? इस तरह से पिछ्ले बारह सालों से एक ही स्थान पर पदस्थ रहते हुए इस तरह से ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के अधिकारी ग्राम पंचायतों के में अपनी पैठ बना चुके हैं इस लिए निर्माण कार्यों में अपनी हिस्से दारी कर गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्यों को अंजाम देकर मोटी रकम का बंदरबांट किया जाता रहा है इस तरह के खेल से किसी को शक भी नहीं होता है कि किसी तरह निर्माण कार्य की राशि में बंदरबांट का खेल चल रहा है इस कार्यालय में जब से इन अनुविभागीय अधिकारी की पदस्थापना हुई है तब से लेकर आज तक जितने भी सी सी सडक पुल पुलिया नाली निर्माण चकर टाइल्स सड़क निर्माण कार्य भवन निर्माण कार्य बिना उपयोग के रिटर्निंग वाल आदि कोई भी निर्माण कार्य गुणवत्ता युक्त नहीं बना है सी सी सडक तो दो माह से तीन माह में ही धाराशाही हो गई है इस से ग्रामीण यांत्रिकी विभाग में पदस्थ अधिकारी के कार्य पर कई तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं? इसमें एक कहावत सही साबित हो रही है कि सांप भी मर जाएं और लाठी भी ना टूटे ? इस संबंध में ग्रामीण यांत्रिकी विभाग उप संभाग के अनुविभागीय अधिकारी से संपर्क कर जानकारी चाही तो उन्होंने ने मोबाइल रिसीव नहीं किया।

# राजस्व मंत्री ने 11 करोड़ से अधिक विकास कार्यों का किया भूमि पूजन




-संवाददाता-
कोरबा,04 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कोरबा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न वार्डो में 11 करोड़ से भी अधिक के अनेको विकास कार्यो का किया भूमिपूजन द्य जिसमें बालको जोन अंतर्गत 180 लाख की लागत से कुल 11 कार्य भूमिपूजन किया गया। जिसमें वार्ड क्र. 34 चेकपोस्ट के पास से सामुदायिक भवन के चारों ओर बाउंड्रीवाल निर्माण, अमर सिंह होटल के पास से नाली निर्माण एवं मरम्मत कार्य 10 लाख 68 हजार की लागत से, वार्ड क्र. 38 भदरापारा में विभिन्न स्थानों पर आरसीसी नाली एवं सीसी रोड का मरम्मत कार्य 10 लाख 80 हजार रूपये की लागत से, वार्ड क्र. 35 सामुदायिक भवन के पीछे मंदाकिनी त्रिपाठी के घर होते हुए मुकेश पंडित घर से आगे, विनय महराज घर से मंदिर तक सीसी रोड का निर्माण एवं मरम्मत कार्य 11 लाख 84 हजार रूपये की लागत से किया जायेगा। वार्ड क्र. 37 अम्बेडकर चौक के पास से आरसीसी नाली निर्माण एवं रोड मरम्मत कार्य 11 लाख 68 हजार रूपये की लागत से, वार्ड क्र. 39 आजाद नगर में आंगनबाड़ी के समीप सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य 11 लाख 84 हजार, वार्ड क्र. 40 नेहरू नगर परसाभाठा क्र. 1 के विभिन्न स्थानों में आरसीसी नाली निर्माण कार्य 11 लाख 83 हजार रूपये की लागत से, वार्ड क्र. 41 में शिव मंदिर के पास सामुदायिक भवन का निर्माण एवं शिवशंकर राठौर घर से कोसले घर तक आरसीसी नाली निर्माण एवं सीसी रोड का मरम्मत कार्य 11 लाख 81 हजार रूपये की लागत से, वार्ड क्र. 40 नेहरू नगर मुक्तिधामों मे जीर्णोद्धार एवं विकास कार्य 09 लाख 85 हजार रूपये की लागत से, वार्ड क्र. 42 रूमगड़ा में शिवनगर दुर्गा पंडाल से पार्षद घर, विद्युत ट्रांसफार्मर से सीताराम राठौर घर तक रोड मरम्मत एवं नया शांति नगर की गलियों मे सीसीरोड निर्माण कार्य 11 लाख 72 हजार रूपये, वार्ड क्र.40 नेहरू नगर पीएचसी से राजाराज जांगडे हाउस, गंगाराम दुकान से सामुदायिक भवन, अंसारी हाउस में बड़ा नाला, चित्र बहादुर हाउस से भरानंद हाउस, गणेश शर्मा हाउस से मुन्ना हाउस तक आरसीसी नाला निर्माण 39 लाख 60 हजार रूपये की लागत से और वार्ड क्र. 34 पुराना रिस्दा में सीसी रोड और पुलिया, नवीन बंजारे घर से एस कनकलता घर तक रोड और नाला, चौधरी होरीलाल घर तक 27 लाख 20 हजार रूपये की लागत से किया जायेगा।

# शिक्षा गुणवत्ता में सुधार हेतु संकुल स्तरीय शिक्षा गुणवत्ता समिति का हुआ गठन

## बेह्तर प्रदर्शन के लिए शिक्षकों को प्रेरित एवं प्रोत्साहित करने हेतु संकुल स्तरीय शिक्षा गुणवत्ता समिति का हुआ गठन



-संवाददाता-
सूरजपुर,04 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

विकासखण्ड सूरजपुर अंतर्गत संकुल केन्द्र जयनगर आजाक की संकुल स्तरीय मासिक समीक्षा बैठक संकुल प्राचार्य श्रीमती कलिस्ता अक्खड़ की अध्यक्षता में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जयनगर में आयोजित की गई। बैठक की शुरूआत में संकुल समन्वयक संजय मिश्रा के द्वारा मध्यान्ह योजना कार्यक्रम की प्रतिदिन ऑनलाइन एन्ट्री, सुघ्घर पढ़वईया योजना अंतर्गत सभी बच्चों का पंजीयन, छात्रवृत्ति योजना की जानकारी,बच्चों की शत् प्रतिशत उपस्थिति एवं अन्य महत्वपूर्ण विभागीय एजेण्डा पर चर्चा किया गया। तत्पश्चात् संकुल प्राचार्य श्रीमती कलिस्ता अक्खड़ ने उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि कि प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना हम सभी का दायित्व है और ऐसा करके ही हम अपने संकुल को एक आदर्श संकुल बना पाएंगे, उन्होंने संकुल अंतर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों की सराहना की। उनके द्वारा शिक्षकों के समक्ष शिक्षा गुणवत्ता में सुधार हेतु विद्यालय में आने वाली समस्याओं की समीक्षा की गई और उन समस्याओं के समाधान व बेहतर प्रदर्शन के लिए शिक्षकों को निरन्तर प्रेरित एवं प्रोत्साहित करने हेतु एक अभिनव पहल करते हुए संकुल स्तरीय शिक्षा गुणवत्ता समिति का गठन करने का निर्णय लिया गया। इस समिति में सर्वसम्मति से अध्यक्ष का दायित्व श्रीमती कलिस्ता अक्खड़, सचिव संजय मिश्रा संकुल समन्वयक, सदस्य श्रीमती सुनिता यादव शिक्षक माध्यमिक शाला कोकाशबहरा, श्रीमती शाहिना खातून शिक्षक माध्यमिक शाला तेलईकछार, प्रकाश सिंह शिक्षक माध्यमिक शाला गोपालपुर और गौतम कुमार शर्मा प्रधान पाठक प्राथमिक शाला चट्टीडांड़ को सौंपा गया। इसके साथ ही अक्टूबर माह से प्रत्येक चौथे शनिवार को संकुल स्तरीय बैगलेस डे कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इस माह संकुल स्तरीय बैगलेस डे कार्यक्रम का विषय चित्रकारी प्रतियोगिता रखा गया है। इस बैठक में संकुल प्राचार्य श्रीमती कलिस्ता अक्खड़, संकुल समन्वयक संजय मिश्रा,शिक्षक श्रीमती जयंती भगत, श्रीमती शकुन्तला चौहान, प्रकाश सिंह, श्रीमती स्वर्णलता कुमारी झा, श्रीमती शाहिना खातून, श्रीमती श्वेता चंद्रवंशी, श्रीमती अनिता टोप्पो, श्रीमती सुनिता यादव, श्रीमती संध्या कुजूर,श्रीमती भावना सिंह तोमर, प्रधान पाठक गौतम कुमार शर्मा, जितेन्द्र जायसवाल,अनुज राजवाड़े, परमेश्वर राम,कुमारी विनिता सिंह,श्रीमती नीलम राजवाड़े,सहायक शिक्षक श्रीमती प्रीति पण्डो,श्रीमती अनिता पण्डो,मोहित पण्डो एवं श्रीमती प्रतिभा सिंह उपस्थित रहे।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पेंडारी का ड्रेसर हुआ निलंबित

-संवाददाता-
सूरजपुर,04 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पेण्डारी विकासखंड प्रतापपुर के ड्रेसर ग्रेड-01 के विरूद्ध निलंबन की कार्यवाही स्वास्थ्य विभाग द्वारा की गई। इस पर प्रकाश डालते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.एस. सिंह के द्वारा बताया गया कि ड्रेसर के विरुद्ध रिश्वत मांगने की सूचना प्राप्त हुई थी। जिस पर सिविल सेवा नियम के तहत जांच कर विभाग द्वारा रिश्वत प्रकरण के तहत निलंबन की कार्यवाही की गई।

# बस्ता मुक्त विद्यालय माध्यमिक शाला रूनियाडीह में बाल कैबिनेट की बैठक आयोजित

-संवाददाता-
सूरजपुर,04 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।



क्षेत्र के प्रथम बस्तामुक्त विद्यालय शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रुनियाडीह में गत शनिवार दिवस पर बाल कैबिनेट की बैठक संस्था की प्रधानमंत्री अंजू राजवाड़े की अध्यक्षता मे आयोजित की गई। बैठक शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी पूजन व राजगीत समूह गायन के साथ की गई। बैठक मे कार्यवाही संपादन उप प्रधानमंत्री केशवनंद राजवाड़े द्वारा कराई गई व बारी-बारी से सभी मंत्रियों ने अपने विभाग से संबंधित समस्याओं को बाल कैबिनेट के पटल पर रखा। सबसे पहले शिक्षामंत्री मयूरी राजवाड़े ने मांग रखी कि त्रैमासिक परीक्षा के अनुरूप पाठ्यक्रम अध्ययन-अध्यापन कराया जाए तथा विज्ञान एवं अंग्रेजी विषय विशेषज्ञ शिक्षको की नियुक्ति विद्यालय में कराई जाए, जिससे दोनों विषय की अध्यापन कार्य अच्छे से हो सके, चार्ट पेपर 20 नग, खेलमंत्री दीपक राजवाड़े द्वारा बालकों हेतु 12 नग खेल गणवेश, खेलकूद के दौरान लगने वाली चोट इत्यादि के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य किट के लिए पर्याप्त मात्रा में टिंचर आयोडीन, मूव, डेटॉल, कॉटन, पट्टी इत्यादि, पुस्तकालय मंत्री नीता राजवाड़े द्वारा 50 नग नई कहानी पुस्तक, स्वच्छता मंत्री अनीता राजवाड़े व उपमंत्री रजनी विश्वकर्मा द्वारा फिनाइल व कचरा एकत्र कर उठाने के लिए 03 नग सुपली, सांस्कृतिक मंत्री प्रेमलता द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम हेतु पुरुष पहनावा के लिए 10 नग धोती, बागवानी मंत्री सुनिता राजवाड़े द्वारा गमला 20 नग, 03 नग बाल्टी, 03 नग जग, वर्मी कम्पोस्ट खाद 50 किलो, कक्षा नायक आठवीं मंयक राजवाड़े द्वारा ब्लैकबोर्ड सफाई के लिए 03 नग डसटर, चॉक 01 बडी पेटी तथा अनुशासन मंत्री अंश देवांगन द्वारा धन्यवाद ज्ञापित कर सभा समाप्त की गई। संस्था प्रमुख सीमांचल त्रिपाठी ने बताया कि विद्यालय स्तर पर सभी छोटी-बड़ी समस्याओं के बारे में बाल कैबिनेट के माध्यम से ही जानकारी मिलती है। वर्ष 2015 से संस्था की संपूर्ण जिम्मेदारी बाल कैबिनेट के छोटे किंतु मजबूत कंधों पर है जिससे बच्चों मे नेतृत्व भावना का विकास कर पाने मे सफलता मिली है। बैठक के दौरान संस्था के सभी बच्चे, शिक्षक श्रीमती एम. टोप्पो तथा रिजवान अंसारी उपस्थिति रहे।

# आईसीसी वर्ल्ड कप 2023 का आगाज आज से

## आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023 में इन बल्लेबाजों पर रहेगी नजरें क्योंकि ये रखते हैं मैच बदलने की ताकत

**अहमदाबाद, 04 अक्टूबर 2023।** आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023 की शुरुआत 5 अक्टूबर से होने वाली है। क्रिकेट की सबसे बड़े महाकुंभ को लेकर पूरे भारत समेत दुनिया भर के क्रिकेट प्रेमी तैयार हैं। आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप का पहला मुकाबला गुरुवार 5 अक्टूबर को गुजरात के अहमदाबाद स्थित नरेंद्र मोदी स्टेडियम में इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच खेला जाएगा। टूर्नामेंट में बल्लेबाजी, गेंदबाजी, फील्डिंग से लेकर हर पहलू बेहद खास रहने वाला है जिस पर पूरी दुनिया की नजर रहेगी। इस टूर्नामेंट के दौरान कुछ बल्लेबाज ऐसे हैं जिन पर हर क्रिकेट प्रेमी की नजर रहेगी। यह बल्लेबाज ऐसे हैं जो अपने बल्ले के दम पर पूरे मैच का रुख बदलने की काबिलियत रखते हैं।




### विराट कोहली

भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज खिलाड़ी और स्टार बल्लेबाज से विराट कोहली इस टूर्नामेंट से पहले एशिया कप में अपना जलवा बिखेर चुके हैं। विराट कोहली 2011 की विजेता टीम का हिस्सा भी रहे हैं। इस टूर्नामेंट में विराट कोहली ने शतक जड़ा था। वर्ल्ड कप में शतक लगाने वाले विराट सबसे युवा भारतीय खिलाड़ी है। संभावना है कि 34 साल के विराट कोहली का यह अंतिम वर्ल्ड कप हो सकता है। ऐसे में विराट कोहली पर सभी की नजरें रहने वाली है।

### बाबर आजम

पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम पर भी सभी की नजरे टिकी रहेंगी। दुनिया के बेहतरीन बल्लेबाजों में शुमार बाबर वार्म अप मैचों में अपने खेल का जलवा दिखा चुके है। दोनों मुकाबलों में बाबर आजम के बल्ले से धमाकेदार पारियां निकली है। ये पहला मौका है जब बाबर आजम भारत में बल्लेबाजी करेंगे। ऐसे में हर कोई उनकी बल्लेबाजी और कप्तानी देखने का इच्छुक है। माना जा रहा है कि बाबर की शानदार फॉर्म के कारण वो वर्ल्ड कप में शतकीय पारी भी खेल सकते है।

### रोहित शर्मा

भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा पिछले वर्ल्ड कप के हीरो सहित हुए थे। 2019में वर्ल्ड कप इंग्लैंड में खेला गया था जहां रोहित के बल्ले से पांच शतक निकले थे, जिसे देख पूरी दुनिया हैरान थी। रोहित शर्मा की आक्रामक बैटिंग और घरेलू मैदान पर उनसे कई बेहतरीन पारियां देखने को उम्मीद है।

### स्टीव स्मिथ

ऑस्ट्रेलिया के सीनियर बल्लेबाज और पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ का ये वर्ल्ड कप अंतिम टूर्नामेंट हो सकता है। इस विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया के लिए स्टीव तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरेंगे। बीते दो वर्ल्ड कप के दौरान स्टीव ने शानदार बल्लेबाजी दिखाई है। भारत में खेले जा रहे विश्व कप में पूरे ऑस्ट्रेलिया को उम्मीद होगी की स्टीव शानदार खेल दिखाएं। स्टीव का बल्ला भारतीय पिचों पर धमाके से रन उगलता है। स्टीव की खासियत है कि वो स्पिनर्स और तेज गेंदबाजों दोनों की ही खेलने में माहिर है। ऐसे में वर्ल्डकप के दौरान उनके प्रदर्शन पर सभी की नजरें टिकी होंगी।




### बेन स्टोक्स

इंग्लैंड के शानदार खिलाड़ी बेन स्टोक्स ने विश्व कप के लिए अपने रिटायरमेंट से भी यू टर्न लिया है। स्टोक्स के लिए ये वर्ल्ड कप बेहद अहम है। संभावना है कि वो चार नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे। भारतीय पिचों पर खेलने का स्टोक्स को अच्छा अनुभव है। उनके खेल को देखने के लिए साथी खिलाड़ी और क्रिकेट प्रेमी उत्सुक है।

# न्यूजीलैंड के खिलाफ जीत के साथ आगाज करने उतरेगा इंग्लैंड

**अहमदाबाद,04 अक्टूबर 2023।** सफेद गेंद के क्रिकेट की परिही बदल देने वाले इंग्लैंड क्रिकेट की स्वर्णिम पीढी के क्रिकेटर चोटों से प्रभावित न्यूजीलैंड के खिलाफ गुरुवार को यहां विश्व कप में अपने अभियान का आगाज करेंगे तो उनका इरादा 2019 फाइनल को दोहराने का होगा।

इंग्लैंड की टीम युवा नहीं है लेकिन जोस बटलर की कप्तानी में वह तीसरा विश्व कप जीतने की प्रबल दावेदार है। टी20 विश्व कप भी इंग्लैंड ने ही जीता था। दूसरी ओर अभी तक आईसीसी विश्व कप नहीं जीत सकी न्यूजीलैंड टीम के सामने कई समस्यायें हैं। कप्तान केन विलियमसन अभ्यास मैच खेलने के बावजूद पहला मैच नहीं खेल पायेंगे। वहीं तेज गेंदबाज टिम साउदी भी पहले मैच में उपलब्ध नहीं हैं। दोनों सर्जरी के बाद पूरी तरह से फिट नहीं हुए हैं।




अहमदाबाद की पिच आम तौर पर बल्लेबाजों की मददगार होती है और इंग्लैंड के पास बेहतरीन बल्लेबाजों की पूरी जमात है। इसके अलावा बेन स्टोक्स भी संन्यास का फैसला वापिस लेकर लौट आये हैं। घुटने की दिक्कत के कारण वह भले ही बतौर गेंदबाज उतना योगदान नहीं दे सकेंगे लेकिन बड़े मैचों में वह कमाल करने में माहिर हैं। पिछले दो विश्व कप फाइनल (2019 और 2022) में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया है।

उनके अलावा इंग्लैंड के कप्तान लियाम लिविंगस्टोन, जॉनी बेयरस्टॉ, हैरी ब्रूक, डेविड मलान और जो रूट जैसे बल्लेबाज भी हैं। इन सभी को आईपीएल में खेलने का फायदा मिलेगा। मोईन अली, क्रिस वोक्स और सैम कुरेन के रूप में उनके पास बेहतरीन हरफनमौला भी हैं।

गेंदबाजी में मार्क वुड के पास रफ्तार और आईपीएल का अनुभव है। स्पिन का जिम्मा आदिल रशीद संभालेंगे। इंग्लैंड को 2019 विश्व कप में सर्वाधिक विकेट लेने वाले जोफ्रा आर्चर की कमी खलेगी जो चोट के बाद वापसी कर रहे हैं। वह रिजर्व के रूप में टीम में हैं। दूसरी ओर विलियमसन और साउदी के अनुभव की न्यूजीलैंड को कमी खलेगी लेकिन लगातार अच्छा प्रदर्शन करने से उसके हौसले बुलंद होंगे। न्यूजीलैंड टीम 2015 और 2019 वनडे विश्व कप तथा 2021 टी20 विश्व कप के फाइनल में पहुंची।

डेरिल मिशेल फॉर्म में हैं और शीर्षक्रम पर डेवोन कोंवे जैसा बेहतरीन बल्लेबाज है। कार्यवाहक कप्तान टॉम लाथम का खराब फॉर्म हालांकि चिंता का सबब है। उनके पास जिम्मी नीशाम और ग्लेन फिलिप्स जैसे आक्रामक बल्लेबाज हैं। विल यंग ने इस साल वनडे में 14 मैचों में 578 रन बनाये और तीसरे नंबर पर वह काफी उपयोगी साबित हो सकते हैं। गेंदबाजी में टीम को साउदी की कमी खलेगी लेकिन मैट हेनरी, ट्रेंट बोल्ट और लॉकी फर्ग्युसन टीम में हैं।

दोनों टीमें इस प्रकार हैं-

इंग्लैंड - जोस बटलर (कप्तान), जो रूट, जॉनी बेयरस्टॉ, हैरी ब्रूक, लियाम लिविंगस्टोन, डेविड मलान, बेन स्टोक्स, मोईन अली, क्रिस वोक्स, सैम कुरेन, डेविड विली, आदिल रशीद, मार्क वुड, रीसे टॉपली, गुस एटकिंसन।

न्यूजीलैंड - टॉम लाथम (कप्तान और विकेटकीपर), डेवोन कोंवे, विल यंग, केन विलियमसन (पहले मैच में उपलब्ध नहीं), मार्क चैपमैन, डेरिल मिशेल, जेम्स नीशाम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, मिशेल सेंटनेर, ईश सोढी, टिम साउदी, ट्रेंट बोल्ट, लॉकी फर्ग्युसन, मैट हेनरी।

मैच का समय - दोपहर दो बजे से।

# मंजू रानी,राम बाबू ने 35 किमी रेस वॉक मिश्रित टीम में कांस्य पदक जीता

**हांगझोऊ,04 अक्टूबर 2023।** मंजू रानी और राम बाबू की जोड़ी ने 19वें एशियाई खेलों में बुधवार को 35 किमी रेस वॉक मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर भारत के पदकों की संख्या 70 पर पहुंचा दी है जो इन खेलों में उसके पिछले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के बराबर है।



राम बाबू ने 2 घंटे 42 मिनट 11 सेकेंड में रेस पूरी की जबकि मंजू रानी 3 घंटे 9 मिनट 3 सेकेंड का समय निकाला। भारत 5 घंटे 51 मिनट 14 सेकेंड के संयुक्त समय के साथ तीसरे स्थान पर रहा। वह स्वर्ण पदक विजेता चीन की टीम से 34 मिनट 33 सेकेंड से पीछे रहा।

इस पदक के साथ ही भारत ने एशियाई खेलों में अपने 70 पदकों के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है जो उसने 2018 में इंडोनेशिया में आयोजित पिछले संस्करण में बनाया था।

35 किमी रेस वॉक मिश्रित टीम में एक देश एक पुरुष और एक महिला या दो पुरुष और दो महिला प्रतिभागियों वाली टीमें रख सकता है। पदक के लिए सर्वोत्तम दो समय मान्य होते हैं। चीन और जापान ने दो पुरुष और दो महिला वॉकरों के साथ प्रतिस्पर्धा की, जबकि भारत, हांगकांग चीन और इंडोनेशिया की एक-एक जोड़ी उतारी थी। चीन ने 5 घंटे 16 मिनट 41 सेकेंड के समय के साथ एशियाई खेलों में नया रिकॉर्ड बनाते हुये स्वर्ण पदक जीता जबकि जापान दूसरे स्थान पर रहा।

# अंतिम अभ्यास मैच में ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान की जीत

**नई दिल्ली,04 अक्टूबर 2023।** विश्व कप 2023 के अभ्यास मैचों के अंतिम दिन ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को रोमांचक मुकाबले में हरा दिया। वहीं, एक अन्य मुकाबले में अफगानिस्तान ने श्रीलंका के खिलाफ बारिश से प्रभावित मुकाबले में जीत हासिल की।

हैदराबाद में ग्लेन मैक्सवेल ने ऑस्ट्रेलिया के सात विकेट पर 351 रन में 77 रन बनाए, जबकि मार्नस लाबुशेन ने बल्ले और गेंद से योगदान दिया। पाकिस्तान की ओर से कप्तान बाबर आजम के 90 रन के बावजूद पाकिस्तान 14 रन से पीछे रह गया और लगातार दूसरे वॉर्म-अप मैच में टीम को हार का सामना करना पड़ा।

पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी रही थी। डेविड वॉर्नर (48 रन) और मिचेल मार्श (31 रन) ने 83 रन की साझेदारी निभाई। स्मिथ (27 रन) और मार्नस लाबुशेन (40 रन) ने भी टीम के लिए थोड़े रन जोड़े लेकिन मैक्सवेल (77 रन), ग्रीन (50 रन) औक जोश इंग्लिश (48 रन) ने शानदार तूफानी पारी खेली और टीम को 350 के पार पहुंचाया।जवाब में पाकिस्तान की शुरुआत बेहद खराब रही। 83 रन तक टीम ने चार विकेट गंवा दिए थे। फिर, इफ्तिखार 85 गेंदों में 83 रन बनाकर आउट हुए। बाबर 59 गेंदों में 11 चौके और दो छक्के की मदद से 90 रन बनाकर रिटायर्ड आउट हुए। इस तरह टीम 47.4 ओवर में 337 रन पर सिमट गई।


# ज्योति,ओजस की जोड़ी ने तीरंदाजी में जीता गोल्ड

### 71 पदक जीतकर एशियन गेम्स में भारत का नया रिकॉर्ड

**हांगझोऊ,04 अक्टूबर 2023।** भारत ने बुधवार को यहां 19वें एशियाई खेलों की तीरंदाजी प्रतियोगिताओं में अपना पहला स्वर्ण पदक जीता। ज्योति सुरेखा वेन्नम और ओजस देवताले ने फूयांग यिनहु स्पोर्ट्स सेंटर में कंपाउंड मिश्रित टीम प्रतिस्पर्धा में दक्षिण कोरिया को हराकर भारत को 71वां पदक दिलाया।

भारत ने फाइनल में कोरिया गणराज्य को करीबी मुकाबले में 159-158 से हराकर स्वर्ण पदक जीता।

हांगझोऊ में यह भारत का 16वां स्वर्ण पदक है। इसके साथ ही 2018 में इंडोनेशिया में पिछले संस्करण में हासिल किए गए 70 पदकों के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से भी भारत आगे निकल गया है। उसकी झोली में अब तक 25 रजत और 29 कांस्य पदक भी आ चुके हैं। वह पदक तालिका में चीन, जापान और कोरिया गणराज्य के बाद चौथे स्थान पर है।



फाइनल में सो चैवोन और जू जेहून की कोरियाई जोड़ी के खिलाफ, ज्योति और ओजस की भारतीय जोड़ी को शुरुआती बढ़त मिली और उन्होंने पहला राउंड 40-39 से जीत लिया। कोरिया की महिला तीरंदाज चैवोन ने नौ और 10 का स्कोर किया जबकि उनकी टीम के साथी जाहून ने 10-10 का स्कोर किया। दोनों भारतीयों ने अपने दोनों मौकों में 10-10 का स्कोर किया।

भारतीयों ने दूसरे राउंड में भी अपनी बढ़त बरकरार रखी।दोनों टीमों ने पूरे 40-40 अंक हासिल किये। तीसरे राउंड में कोरियाई ने 40-39 की बढ़त के साथ स्कोर 119-119 पर बराबर कर दिया। हालाँकि, अंतिम राउंड में, ओजस और ज्योति की जोड़ी ने पूरे 40 अंक हासिल किये जबकि कोरियाई खिलाड़ी केवल 39 अंक ही प्राप्त कर सके। महिला कोरियाई तीरंदाज अपने पहले प्रयास में नौ अंक ही पा सकीं।

इस प्रकार, ज्योति और ओजस ने फाइनल 159-158 से जीतकर स्वर्ण पदक जीता।

ज्योति और ओजस दोनों के लिए एशियाई खेलों में यह उनका पहला पदक था। दोनों अपनी-अपनी एकल प्रतिस्पर्धाओं के फाइनल में पहुंचकर और पदक जीतने की दौड़ में हैं।

# कंपाउंड मिश्रित टीम तीरंदाजी के फाइनल में भारत,पदक पक्का

**हांगझोऊ,04 अक्टूबर 2023।** भारत ने बुधवार को यहां सेमीफाइनल में कजाकिस्तान को हराकर 19वें एशियाई खेलों में कंपाउंड मिश्रित टीम तीरंदाजी प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश किया।

सेमीफाइनल मुकाबले में ज्योति सुरेखा वेन्नम और ओजस देओताले की भारतीय टीम ने कजाकिस्तान की एडेल ज़ेक्सेनबिनोवा और एंड्रे ट्युट्युन की जोड़ी को 159-154 से हराकर फाइनल में जगह पक्की कर ली।

मिश्रित टीम प्रतियोगिता में, पुरुष और महिला तीरंदाज प्रत्येक राउंड में बारी-बारी से लक्ष्य पर दो-दो तीर चलाते हैं और ऐसे चार राउंड के अंत में सबसे अधिक अंक वाली टीम (प्रत्येक टीम द्वारा कुल 16 तीर चलाए गए) विजेता बनती है।

पहले दौर (जिसे तीरंदाजी में एंड कहा जाता है) की समाप्ति पर भारतीय टीम एक अंक से पीछे थी और स्कोर 39-40 था।

हालाँकि, पूरे 40 अंक स्कोर कर ज्योति और ओजस ने अगले दौर में बढ़त बना ली। दूसरे दौर का स्कोर भारत के पक्ष में 40-38 रहा।

तीसरे दौर के अंत तक भारत ने अपनी बढ़त और मजबूत करते हुये स्कोर 119-116 कर दिया।

भारतीयों ने चौथे और अंतिम एंड में 40-38 के स्कोर के साथ सेमीफाइनल 159-154 से जीता और पदक पक्का कर लिया।

# मोनाको ग्रैंड प्रिक्स 2023 में करीना कपूर ने लगाया ग्लैमर का तड़का



करीना ने मोनाको से कुछ तस्वीरें शेयर कीं। तस्वीरों में करीना को प्यूमा के काले एथलेजर में पोज़ देते हुए दिखाया गया है, जिसे उन्होंने काले कोट और सफेद जूतों के साथ जोड़ा है।

बेज और भूरे रंग के स्लीवलेस टॉप और मैचिंग बैगी पैंट के साथ एक आसान-ब्रीज़ी लुक में दिखने के बाद, करीना ने एक और आरामदायक लेकिन स्टाइलिश लुक पेश किया।

करीना ने इंस्टाग्राम पर मोनाको से कुछ तस्वीरें साझा कीं। तस्वीरों में करीना को प्यूमा के काले एथलेजर में पोज़ देते हुए दिखाया गया है, जिसे उन्होंने काले कोट और सफेद जूतों के साथ जोड़ा है।

मिनिमल मेकअप और स्लीक बन में करीना बेहद खूबसूरत लग रही थीं। लाल होंठ का रंग उनके स्पोर्टी, फॉर्मल लुक को और निखार रहा था।

तस्वीरें देखने के बाद फैन्स ने उनकी जमकर तारीफ की।

एक प्रशंसक ने कभी खुशी कभी गम से उनका प्रसिद्ध डायलॉग उधार लेते हुए टिप्पणी की, अच्छी शक्ल,अच्छी शक्ल और अच्छी शक्ल।

एक नेटिज़न ने लिखा, खूबसूरत।

पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह भी एफ 1 इवेंट में शामिल हुए. करीना से मुलाकात की उनकी तस्वीरें भी वायरल हुईं।

इससे पहले, उत्साहित करीना ने मोनाको की अपनी उड़ान से एक सेल्फी पोस्ट की थी। उन्होंने इसे कैप्शन दिया, उत्साह से भरपूर। मोनाको बाध्य।

इस बीच, फिल्मों की बात करें तो करीना द क्रू में तब्बू, कृति सेनन और दिलजीत दोसांझ के साथ स्क्रीन शेयर करती नजर आएंगी।

## Glamour

# हॉट और बोल्ड ड्रेस देखकर आगबबूला हुए लोग, टीचर ने पूछा- इसमें क्या दिक्कत है?

Bold Dress: एक महिला टीचर की उनके पहनावे की वजह से सोशल मीडिया पर खूब आलोचना की जा रही है. इस टीचर ने ट्रोल कर रहे यूजर्स से सवाल किया है कि आखिर उनकी ड्रेस से लोगों को क्या दिक्कत है.

Dressing Sense: सोशल मीडिया पर अक्सर लोग तरह तरह का कंटेंट शेयर करते हैं. कुछ लोगों को कंटेंट पसंद आता है तो कुछ लोग कंटेंट की कमियां बताने लगते हैं. हाल ही में इंटरनेट पर एक टीचर ट्रोल (ञ्हृश्र्द्यद्य) करने वाले लोगों के निशाने पर आ गई हैं. केमेस्ट्री पढ़ाने वाली इस टीचर का नाम एलिस बताया जा रहा है.



### टीचर ने पहनी हॉट ड्रेस

सोशल मीडिया पर अपने हॉट और बोल्ड आउटफिट की वजह से एक 23 साल की टीचर लोगों का ध्यान अपनी तरफ खींच रही हैं. टीचर के मुताबिक उनका पहनावा पूरी तरह से मुनासिब है. टिकटॉक पर एक वीडियो शेयर कर इस केमेस्ट्री टीचर ने लोगों के सामने अपनी बात को पेश किया.

### लोगों ने कर दिया ट्रोल

लोगों का कहना है कि जो ड्रेस इस टीचर ने पहनी है, वो उनके प्रोफेशन के हिसाब से बिल्कुल भी उपयुक्त नहीं है. एलिस कहती हैं कि लोगों को लगता है कि टीचर को हमेशा एक खास तरीके की ड्रेस ही पहननी चाहिए जबकि वो ऐसा नहीं सोचती हैं. वीडियो में एलिस ब्लैक कॉरसेट लेदर टॉप और मिनी स्कर्ट पहनकर सवाल करती हैं कि आउटफिट क्या है? टीचर इस तरह का आउटफिट नहीं पहन सकती?

### वायरल हुआ मामला

ये मामला सोशल मीडिया पर काफी तेजी से वायरल हो रहा है. टीचर ने सबसे इस मुद्दे पर राय भी मांगी है. कई लोग टीचर को खरी-खोटी सुनाते नजर आए. हालांकि कुछ लोगों ने टीचर की सोच का सपोर्ट भी किया. कुछ लोग तो ये तक कहते नजर आए कि ये सब फेमस होने और फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए स्टंटबाजी है.

# अक्षय कुमार ने परिणीति चोपड़ा संग किया रोमांस



अक्षय कुमार अपनी अपकमिंग फिल्म मिशन रानीगंज को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। हाल ही में फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ था, जिसे दर्शकों की मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली। वहीं, अब मिशन रानीगंज का गाना कीमत जारी कर दिया गया है, जिसमें परिणीति चोपड़ा और अक्षय कुमार रोमांस करते हुए नजर आ रहे हैं।

मिशन रानीगंज के इस गाने में परिणीति चोपड़ा रेट्रो लुक में नजर आ रही हैं। अक्षय कुमार भी पंजाबी लुक में हैंडसम लग रहे हैं। गाने को विशाल मिश्रा ने गया और कंपोज किया है, जबकि गाने के लिरिक्स कौशल किशोर ने तैयार किए हैं।

मिशन रानीगंज की शूटिंग के लिए प्रोडक्शन हाउस ने असली सुरंग बनाई। इसके लिए 40 फुट गहरा एक गड्ढा किया गया। प्रोडक्शन टीम्स ने कोयला खदानों की हर जानकारी का सटीक स्टडी करने और उसे रिक्रिएट के लिए एक मिशन शुरू किया। कई हफ्तों तक प्रोडक्शन टीम से लगभग कई लोगों को रियल माइनिंग लोकेशन्स पर भेजा गया ताकि सुरक्षा और सटीकता का ध्यान रखते हुए कहानी से मैच होने वाले सेट को तैयार किए जा सके।

मिशन रानीगंज का प्रोडक्शन पूजा एंटरटेनमेंट ने किया है। फिल्म के निर्माताओं में वाशु भगनानी, जैकी भगनानी, दीपशिखा देशमुख और अजय कपूर का नाम शामिल है। वहीं, डायरेक्शन टीनू सुरेश देसाई ने किया है। इससे पहले उन्होंने अक्षय कुमार स्टारर फिल्म रुस्तम का डायरेक्शन किया था। फिल्म 6 अक्टूबर 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

मिशन रानीगंज रियल लाइफ ड्रामा पर बेस्ड है। फिल्म में अक्षय कुमार जसवंत सिंह गिल का किरदार निभा रहे हैं, जिन्हें 48 घंटों में सबसे बड़े कोयला खदान मिशन को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स और लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के दो प्रतिष्ठित सम्मान से सम्मानित किया गया था।

# केंद्र सरकार पर जमकर बरसे मल्लिकार्जुन खड़गे

## मोदी और अमित शाह की बात नहीं सुनने पर छापे पड़ने की धमकी मिलती है...

**रायगढ़,04 अक्टूबर 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। अब सभी राजनीति पार्टियां चुनाव की तारीखों का इंतजार कर रही हैं। वहीं दूसरी ओर लगातार नेताओं के दौरे का सिलसिला जारी है। इसी कड़ी में एक बार फिर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे प्रदेश के दौरे पर पहुंचे हुए हैं। वह भरोसे के सम्मेलन में शामिल होने रायगढ़ पहुंचे हैं। उनके साथ सीएम बघेल भी कार्यक्रम में शामिल हैं। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश में बनने वाले जैतखाम का शिलान्यास किया। यह प्रदेश के 82 चयनित विकासखण्डों में बनेगा। साथ ही नौ करोड़ आठ लाख 35 हजार रूपये की सामग्री व योजनान्तर्गत सहायता राशि शासन की विभिन्न योजना के 3088 लाभान्वित हितग्राहियों को वितरित की गई।



भरोसे का सम्मेलन में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अपने संबोधन की शुरुआत जय जोहार, जय छत्तीसगढ़ महतारी के साथ करते हुए कहा कि ऐसा सम्मेलन शायद देश के किसी कोने में, किसी भाग में नहीं हुआ। ये गर्व की बात है कि हर जगह भरोसे का सम्मेलन छत्तीसगढ़ में हो रहा है इसका नेतृत्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेरा एक छोटा सा सुझाव है कि इसका नाम भरोसे का सम्मेलन ना होकर भरोसे के अनुष्ठान का सम्मेलन हो, छत्तीसगढ़ में यह अनुष्ठान सम्मेलन बड़ी संख्या में चल रहा है। सबके हित में काम हो रहा है।

### देश में सरकार दो लोग ही चलाते हैं:खड़गे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने केन्द्र की मोदी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि देश में सरकार दो लोग ही चलाते हैं। एक तो मोदी दूसरे अमित शाह। इनके अलावा किसी और को कुछ पता नहीं रहता कि क्या होने वाला है। दूसरे राज्यों के मुख्यमंत्रियों को धमकी मिलती है कि हमारी बात नहीं सुनोगे तो ईडी और आईटी के छापे पड़ेंगे। खरगे ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जब-जब छत्तीसगढ़ आते हैं कांग्रेस सरकार को बदनाम करके जाते हैं। वे झूठ के सरदार हैं।

### लोगों की जरूरत को समझकर बनाई योजनाएं: खड़गे


खरगे ने आगे कहा कि हमने आम लोगों की जरूरत को समझकर योजनाएं बनाई। इन योजनाओं से लाखों-करो ों हाथों को काम मिलता है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विपरीत परिस्थितियों में भी छत्तीसगे के विकास का काम कभी नहीं रोका। छत्तीसगे में आज चारों तरफ विकास हो रहा है। हमारी सरकार लोगों को मजबूत बनाने के लिए काम करती है। गोधन न्याय योजना से लघु उद्योगों को मजबूती मिली है। गांवों में रोजगार बढ़ी हैं। अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है।

### 40 लाख से ज्यादा लोग गरीबी से बाहर आए: खड़गे

मंच से खरगे ने कहा कि पांच सालों में एक लाख 75 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा डायरेक्ट बेनिफिट योजनाओं से आम लोगों की जेब में डाले गए हैं। यही कारण है कि छत्तीसगढ़ में विगत पांच सालों में 40 लाख से ज्यादा लोग गरीबी से बाहर आए हैं। खरगे ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार जितना कहती है उससे ज्यादा करती है। पहले 27 जिले थे आज 33 जिले हैं, तहसीलों की संख्या भी बढ़ी है। लोगों की आमदनी बढ़ी है।

## हमारा रास्ता सत्य का रास्ता है: बघेल

सीएम भूपेश ने कहा कि कला और संस्कृति के मुख्यालय हमारे रायगढ़ में आज हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे आए हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने के बाद खरगे सबसे पहले रायपुर में राष्ट्रीय अधिवेशन में आए। तबसे उनका लगाव छत्तीसगे में बना रहा है। अभी हमारे मुख्य अतिथि के हाथों से बाबा गुरु घासीदास जी की आस्था के प्रतीक और गांव-गांव में निर्मित जैतखाम का शिलान्यास हुआ। सत्य के रास्ते में चलने का संदेश बाबा गुरु घासीदास जी का है। सत्य के रास्ते को महात्मा गांधी ने भी बताया। सत्य का रास्ता हमारा रास्ता है। प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू से लेकर मनमोहन सिंह, इंदिरा गांधी, राजीव, नरसिम्हा राव सभी का उद्देश्य हिंदुस्तान की जनता को ताकतवर बनाने का रहा। सीएम ने कहा कि हमारा एक ही उद्देश्य रहा है कि कैसे आम लोगों के जीवन में परिवर्तन लाया जा सके, महिलाओं के जीवन में कैसे परिवर्तन लाया जा सके।
सीएम बघेल ने कहा कि देश का तीन चौथाई लघुवनोपज छत्तीसगढ़ में खरीदा जाता है। हमने शहीद महेंद्र कर्मा के नाम से बीमा योजना शुरू की जिसका लाभ 12.50 लाख संग्राहकों को मिल रहा है। ये छत्तीसगे मॉडल है, जिसमें सबसे किया वायदा हम निभाते हैं। समर्थन मूल्य में धान खरीदी, भूमिहीन मजदूरों को सात हजार रुपए प्रतिवर्ष आर्थिक अनुदान, अंग्रेजी माध्यम में निःशुल्क शिक्षा देने का वायदा था, हमने दिया। आज छत्तीसगढ़ में किसान, नौजवान, मजदूर, महिलाएं, बच्चे सभी को मजबूत कर रहे हैं।



## मुख्यमंत्री का छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के परीक्षार्थियों के हित में बड़ा फैसला

**छत्तीसगढ़ शासन ने दस्तावेज के विनिष्टिकरण की अवधि 2 साल किए जाने का प्रस्ताव आयोग को भेजा**

**रायपुर,04 अक्टूबर 2023(ए)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के अभ्यर्थियों के हित को देखते हुए आयोग की परीक्षाओं के दस्तावेज के विनिष्टिकरण की व्यवस्था में बदलाव लाने के निर्देश दिए है। मुख्यमंत्री के निर्देश के परिपालन में राज्य शासन द्वारा लोक सेवा आयोग को आयोग की परीक्षाओं की आंसर सीट एवं दस्तावेजों के विनिष्टिकरण के अवधि को दो साल किए जाने का प्रस्ताव भेजा है।
गौरतलब है कि पीएससी परीक्षाओं की आंसर सीट एवं दस्तावेज के विनिष्टि किए जाने के कायदे कानून छत्तीसगढ़ राज्य में लंबे समय से चली आ रही है। इसमें बदलाव लाने के लिए मुख्यमंत्री ने आवश्यक निर्देश दिए है। मुख्यमंत्री के निर्देश के परिप्रेक्ष्य में राज्य शासन द्वारा लोक सेवा आयोग को आंसर सीट एवं अन्य दस्तावेजों को विनिष्टिकरण की अवधि को दो साल तक बढ़ाये जाने का प्रस्ताव भेजा गया है।


# गृहमंत्री ने पीएम मोदी पर लगाया अनर्गल दुष्प्रचार करने के आरोप

**रायपुर,04 अक्टूबर 2023(ए)।** छत्तीसगढ़, राजस्थान में अपराध को लेकर चल रहे स्पर्धा वाले पीएम मोदी के बयान पर गृहमंत्री ताम्रध्वज ने पलटवार किया है. उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब भी छत्तीसगढ़ आते हैं झूठ परोसकर जाते हैं. राजस्थान और छत्तीसगढ़ कांग्रेस शासित राज्य है, इसलिए वे कुछ भी अनर्गल दुष्प्रचार करते हैं. मंत्री साहू ने कहा, छत्तीसगढ़ में लॉयन ऑर्डर की स्थिति सही है. यहां अपराध पर पूरी तरह से काबू पाया गया है. क्राइम रिकवरी रेट हमारा 99त्न है. यहां की जनता संतुष्ट है. यहां किसी भी तरह की प्रतिस्पर्धा वाली बात नहीं है. छत्तीसगढ़ अपराध गढ़ बन गया हो, ऐसी कोई स्थिति नहीं है. पिछले 15 वर्षों में जितने क्राइम हुए हैं, उसकी तुलना में हमारी सरकार में बहुत कटौती हुई है. ताम्रध्वज ने कहा, नक्सलियों का मामला हो या कोई भी मामला हो, हमारी पुलिस बखूबी काम कर रही है इसलिए यहां पर स्थितियां काफी अच्छी है.



# चुनाव से पहले आबकारी विभाग में अधिकारियों का बंपर तबादला

**रायपुर,04 अक्टूबर 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ में चुनाव की तैयारियां तेज हो गई है। राजनीतिक पार्टियों में घमासान मचने के बीच चुनाव आयोग ने भी कमर कश ली है और जल्द ही आचार संहिता लागू कर सकती है । इसी बीच बड़ी खबर सामने आई है की छत्तीसगढ़ के आबकारी विभाग में अधिकारियों का तबादला कर दिया गया है। गृह विभाग ने आदेश जारी किए हैं। गृह विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, 02 जिला आबकारी अधिकारी, 03 उपायुक्त आबकारी और 07 सहायक आयुक्त आबकारी समेत 02 सहायक जिला आबकारी उपयुक्त स्तर के अधिकारियों के तबादले हुए हैं।




# छत्तीसगढ़ में मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन हुआ

**रायपुर,04 अक्टूबर 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने आज मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में पत्रकार-वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने पत्रकार-वार्ता में बताया कि प्रदेश में निर्वाचक नामावली के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के बाद आज सभी मतदान केंद्रों में मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। आज प्रकाशित सूची के अनुसार राज्य में कुल दो करोड़ तीन लाख 60 हजार 240 मतदाता हैं। इनमें एक करोड़ एक लाख 20 हजार 830 पुरूष मतदाता, एक करोड़ दो लाख 39 हजार 410 महिला मतदाता और 790 तृतीय लिंग मतदाता शामिल हैं।




निर्वाचक नामावली के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के बाद राज्य में सात लाख 19 हजार 825 मतदाता बढ़े हैं। संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर और बिपिन माझी सहित मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारी भी पत्रकार-वार्ता में मौजूद थे।
मतदाता संख्या 2 करोड़ 3 लाख 60 हजार 240 निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने अंतिम मतदाता सूची जारी करते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 में दो करोड़ तीन लाख 60 हजार 240 मतदाता मतदान करेंगे। राज्य में कुल दो करोड़ तीन लाख 60 हजार 240 मतदाता हैं। इनमें एक करोड़ एक लाख 20 हजार 830 पुरूष मतदाता, एक करोड़ दो लाख 39 हजार 410 महिला मतदाता और 790 तृतीय लिंग मतदाता शामिल हैं। निर्वाचक नामावली के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के बाद राज्य में सात लाख 19 हजार 825 मतदाता बढ़े हैं।

# सीआरपीएफ जवान को आया हार्ट अटैक,हुई मौत




**जगदलपुर,04 अक्टूबर 2023(ए)।** दंतेवाड़ा जिले के नरेली में पदस्थ 230 सीआरपीएफ बटालियन में पदस्थ हेड कांस्टेबल की हार्टअटैक से मौत हो गई। वे मूलतः रांची झारखंड में रहने वाले थे। आज सुबह मेकाज में पीएम के बाद रांची से आई हेलीकॉप्टर से उनके पार्थिव शरीर को भेजा गया। मामले के बारे में जानकारी देते हुए मेकाज चौकी ने बताया कि मूलत~ रांची झारखंड में रहने वाले बाबूलाल रजक पिता रामू रजक (51 वर्ष) विगत कई वर्षों से दंतेवाड़ा जिले के नरेली कैंप में सीआरपीएफ 230 में हेड कांस्टेबल के पद में पदस्थ थे। मंगलवार की सुबह कैंप में अचानक से अपने रूम में बैठे ही थे, अचानक से उनके सीने में दर्द हुआ। साथियों ने कैंप के अंदर ही पदस्थ डॉक्टरों के द्वारा उसे चेकअप करने के बाद हार्टअटैक आने की बात बताई, जहां उसे बेहतर उपचार के लिए दंतेवाड़ा जिला अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने उन्हें मेकाज रेफर कर दिया गया। मंगलवार की रात जवान को मेकाज लाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। बुधवार सुबह रांची से आई हेलीकॉप्टर से उनके पार्थिव शरीर को भेजा गया।

# एक्सिस बैंक डकैती के फरार दो आरोपी बिहार से गिरफ्तार

**रायगढ़-रायपुर, 04 अक्टूबर 2023(ए)।** एक्सिस बैंक डकैती मामले में पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। वारदात के बाद फरार हुए शेरघाटी गैंग के दो डकैतों को बिहार से पकड़कर रायगढ़ लाया गया है। इनके पास से पुलिस ने हथियार भी बरामद कर लिया है। सीएसपी अभिनव उपाध्याय के नेतृत्व में बिहार, झारखंड रवाना हुई स्पेशल टीम ने बिहार के गया जिले में रेड कर गैंग के 02 डकैत निलेश उर्फ नीतीश जादव और प्रकाश उर्फ पवन उर्फ पंकज जाधव को हथियार समेत गिरफ्तार कर रायगढ़ लाया है। शेरघाटी गैंग के इन डकैतों ने 19 सितंबर की सुबह सशस्त्र हथियारों के साथ रायगढ़ के ढिमरापुर चौक स्थित एक्सिस बैंक की मुख्य शाखा में डकैती की घटना को अंजाम दिया था। जिसमें डकैत बैंक से नकद 4.19 करोड रूपये और 7-8 पैकेट सोने के जेवरात वजन 2 किलो 91 ग्राम कुल 5.62 करोड़ रूपए लेकर अलग-अलग वाहनों से फरार हो गये थे । राज्य की सबसे बड़ी बैंक डकैती को छत्तीसगढ़ पुलिस ने चैलंज स्वरूप लिया। छत्तीसगढ़ पुलिस के महानिदेशक अशोक जुनेजा द्वारा तत्काल पड़ोसी राज्यों के आला अधिकारियों से संपर्क करते हुए स्थानीय पुलिस को सहायता उपलब्ध कराई तथा आईजी बिलासपुर रेंज अजय कुमार यादव और डीआईजी रामगोपाल गर्ग खुद रायगढ़ में कैंप कर केस की कमान संभालते हुए मॉनिटरिंग हेतु मौजूद रहे।



# अस्पताल में शव को चूहों ने कुतरा



### वार्ड ब्वाय हुआ निलंबित

**बीजापुर, 04 अक्टूबर 2023 (ए)।** बीजापुर जिला अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही से मानवीय संवेदना को ठेस पहुंचाने का मामला सामने आया है। अस्पताल के शव गृह में रखे एक महिला के शव को चूहे रात भर कुतरते रहे। मामला नगर के प्रतिष्ठित कपड़ा व्यापारी दिलीप चांडक के परिवार से जुड़ा है। हालांकि कलेक्टर राजेन्द्र काटारा ने वार्ड ब्वाय सोमलु कुडियम को प्रथम दृष्टया दोषी मानते हुए निलंबित कर दिया है। वार्ड बे वाय को सिविल आचरण नियमों के तहत निलंबित किया गया।
दिलीप के मुताबिक उनकी मां सरस्वती चांडक का सोमवार को निधन हो गया था। चांडक परिवार की महिला काफी दिनों से बीमार चल रही थी। मंगलवार को अंतिम संस्कार के लिए शव जिला अस्पताल के शव गृह में रखवाई गई थी।
सुबह शव लेने जब स्वजन अस्पताल पहुंचे तो शव की हालत देख अस्पताल प्रबंधन की प्रति गहरी नाराजगी देखी गई। स्वजनों ने बताया शव गृह का डीप फीजर भी बंद पाया गया। इतना ही नही चूहों द्वारा शरीर के हाथ, पैर सहित कई अंगों को कुतर दिए हैं। घटना से चांडक परिवार बेहद आहत है। जिम्मेदारों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग कर रहा है।
शव गृह में रखे शव को रात भर चूहे कुतरते रहे। शव को डीप-फ्रीजर में रखने के बाद भी स्वास्थ प्रबंधन की इतनी बड़ी लापरवाही उजागर हुई। सिविल सर्जन डा यशवंत ध्रुव का कहना है कि इस तरह की लापरवाही के लिए जिम्मदारों पर कार्रवाई होगी। मामले को लेकर जांच की जा रही है।

### महेश गागड़ा ने की कार्रवाई की मांग

अस्पताल प्रबंधन की इस तरह की लापरवाही के लिए पूर्व मंत्री महेश गागड़ा ने शासन, प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है। पूर्व मंत्री व भाजपा नेता महेश गागड़ा का कहना है कि इस मामले पर प्रशासन संज्ञान लेकर कार्रवाई करे।

# बस्तरिया बटालियन का जवान लापता

### परिजनों ने नक्सलियों से की छोड़ने की अपील

**बीजापुर,04 अक्टूबर 2023(ए)।** प्रदेश में राजनीतिक सरगर्मी बढ़ने के साथ नक्सली गतिविधियां भी बढ़ने लगी। बस्तर में अपनी मौजूदगी दर्शाने के लिए कही पर्चे फेंक रहे तो कही ग्रामीणों को उठाकर ले जा रहे है। ताजा मामला बीजापुर से बस्तरिया बटालियन के जवान का नक्सल संगठन द्वारा अपहरण की खबर सामने आई है। बताया जा रहा कि अपहृत आरक्षक शंकर कुडियम एरमनार गांव का रहने वाला है और वह बीजापुर पुलिस लाइन में पदस्थ था। शंकर 27 और 28 सितंबर से अनुपस्थित था. 29 सितंबर को भैरमगढ़ थाना क्षेत्र के उसपरी गांव से अपहरण कर ले जाने की जानकारी सामने आई है। वहीं परिजनों और सर्व आदिवासी समाज ने जवान के सकुशल रिहाई के लिए नक्सल संगठन से अपील की है। सूत्रों के मुताबिक, कल नक्सली उसपरी गांव में जनअदालत लगाएंगे। वहीं एसपी आंजनेय वार्ष्णेय का कहना है कि जवान शंकर कुडियम गैरहाजिर है। इसके अतिरिक्त विभाग को अन्य कोई जानकारी नहीं है।अपहृत आरक्षक शंकर कुड़ियाम के परिजनों का कहना है 6 दिन पूर्व वह भैरमगढ़ गया था। तब से वह घर वापस नहीं आया है. परिवार अपने स्तर से खोजबीन कर रही है पर कहीं कोई जानकारी नहीं मिल रही है। परिजन सप्ताहभर से चिंतित व परेशान हैं। परिवार के सदस्यों के मुताबिक उसे नक्सलियों ने अगवा किया है। नक्सलियों से छुड़वाने के लिए परिवार के सदस्यों ने सर्व आदिवासी समाज ब्लाक ईकाई भैरमगढ़ से सहयोग की अपील की है। शंकर गांव में शिक्षादूत का काम करता था। कुछ महीने पहले बस्तर बटालियन की भर्ती में चयनित हुआ है। सर्व आदिवासी समाज ने नक्सलियों से अपील की है कि हमारे आदिवासी समाज का गरीब व बेरोजगार युवक अपने परिवार की आर्थिक तंगी को देखते हुए परिवार का पालन-पोषण के लिए फोर्स की नौकरी में गया था। यदि आप नक्सलियों के पास शंकर है तो उन्हें तत्काल रिहा करें।





## छत्तीसगढ़ प्रभारी सप्त गिरी शंकर उल्का आज राजधानी में

**रायपुर, 04 अक्टूबर 2023(ए)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं छत्तीसगढ़ सप्तगिरीशंकर उल्का 5 अक्टूबर गुरूवार को रात्रि 9 बजे नई दिल्ली से रायपुर पहुंचेंगे। सर्किट हाउस रायपुर पहुंचकर कांग्रेसजनों से भेंट चर्चा करेंगे। 6 अक्टूबर शुक्रवार सुबह 9 बजे रायपुर से कांकेर के लिये रवाना होंगे। दोपहर 12 बजे कांकेर पहुंचकर आयोजित राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी जी के कार्यक्रम में भाग लेंगे। शाम 4 बजे कांकेर से रायपुर के लिए रवाना होंगे। रात्रि 8.15 बजे रायपुर से दिल्ली के लिये रवाना होंगे।

# पर्यवेक्षक के रिक्त पदों के लिए दस्तावेज सत्यापन 10 अक्टूबर से

**रायपुर, 04 अक्टूबर 2023(ए)।** महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत पर्यवेक्षकों के रिक्त पदों के लिए व्यापम द्वारा आयोजित परीक्षा के आधार पर जारी चयन सूची में शामिल अभ्यर्थियों के अभिलेखों एवं दस्तावेजों का सत्यापन 10 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक किया जाएगा। सत्यापन का कार्य नवा रायपुर, अटल नगर में इन्द्रावती भवन के ब्लॉक-1, द्वितीय तल स्थित महिला एवं बाल विकास विभाग के संचालनालय के मिटिंग हॉल क्रमांक 02 एवं 04 में सुबह 10 बजे से किया जाएगा। गौरतलब है कि महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत पर्यवेक्षक के रिक्त 440 पदों पर चयन परीक्षा का आयोजन छत्तीसगढ़ व्यापम द्वारा विगत 27 अगस्त को किया गया था, जिसका परीक्षा परिणाम दिनांक 20 सितंबर 2023 जारी किया गया। सभी चयनित अभ्यर्थियों को पंजीकृत डाक के माध्यम से व्यापम द्वारा उपलब्ध कराये गये पते पर व्यक्तिगत रूप से पत्र प्रेषित किया गया है। यदि किसी अभ्यर्थी को व्यक्तिगत रूप से पत्र प्राप्त नहीं हो पाता है, तो ऐसी स्थिति में विभाग के वेबसाईट एचटीटीपीएसः//सीजीडब्ल्यूसीजी. जीओव्ही.आईएन/रिक्रूमेंट्स से निर्देश डाउनलोड कर आवश्यक अभिलेख सहित सत्यापन हेतु संचालनालय, महिला एवं बाल विकास विभाग, नवा रायपुर में उपस्थित हो सकते हैं।




प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)